आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹123431/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹150750/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹164558/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026







# सिस्टम को कुष्ठ...छग में अब 17 की जगह 22 जिले कुष्ठ रोग चिन्हित, रेड जोन में आधा दर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**दिन विशेष**

विश्वभर में आज कुष्ठ रोग दिवस मनाया जाएगा। धान का कटोरा कहा जाने वाले छत्तीसगढ़ अब कुष्ठ रोग का गढ़ बनता जा रहा है। 2024 तक जहां प्रदेश के सिर्फ 17 जिले ही कुष्ठ रोग ग्रसित जिलों में गिने जाते थे, वहीं अब इन जिलों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। पूरे देश में सिर्फ 121 जिलों को ही कुष्ठ रोग ग्रसित जिले के रूप में चिन्हान्कित किया गया है। इनमें से भी 21 केवल छग के ही हैं। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 10 हजार पर एक से अधिक मरीज चिंतनीय

यदि प्रति 10 हजार व्यक्तियों पर एक व्यक्ति कुष्ठ रोग से पीड़ित पाया जाता है, तो इसे सामान्य माना जाता है, लेकिन प्रति दस हजार व्यक्तियों के पीछे कुष्ठ रोगियों की संख्या 2 या उससे अधिक होती है तो इसे गंभीर श्रेणी में रखा जाता है। डाक्टरों ने बताया, लोगों में कुष्ठ रोग ▶▶|शेष पेज 6 पर

### राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस आज

- छग में कुष्ठ मरीजों की संख्या राष्ट्रीय सूचकांक से ऊपर
- कोरबा, जांजगीर चांपा, रायगढ़, सारंगढ़, महासमुंद, बलौदाबाजार रेड जोन में




**ऐसा है हाल**

रेड जोन के जिलों की बात करे तो चांपा जांजगीर जिले के दो ब्लाक बलौदा और बम्हीडीह सामान्य हैं। यहां राष्ट्रीय सूचकांक से पीड़ितों की संख्या एक से कम है, लेकिन तीन ब्लाक पामगढ़, नवागढ़ और अकलतरा में मरीजों की संख्या ज्यादा है। डॉक्टर थवाइत का कहना है कि पहले से अभी हालात बेहतर हुए हैं। मरीज ढूंढे जा रहे हैं। इसी तरह कोरबा जिला भी रेड जोन में ▶▶|शेष पेज 6 पर

### महासमुंद जिले में 20 बच्चे प्रभावित

महासमुंद जिले के सरायपाली में कुष्ठरोगियों की संख्या बढ़ी है। जिले में हाल ही चली जांच में 20 बच्चों की शिनाख्त हुई, जिनको कुष्ठ था। डॉक्टरों का कहना है, अभियान के तहत मरीजों तक पहुंचने की कोशिश हो रही है। कल से स्पर्श अभियान के जरिए नए मरीजों की तलाश की जाएगी।

### इधर... इलाज ही बंद

शासकीय तंत्र भी इस बीमारी को अधिक गंभीरता से नहीं ले रहा है। जहां रोगी अपनी बीमारी छिपा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर छेत्रीय कुष्ठ प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में विगत 3 महीने से मरीजों का दाखिला एवं ऑपरेशन बंद कर दिया गया है। जो मरीज यहां पहले से इलाज करा रहे थे, उन्हें अब दूसरी जगह जाना पड़ रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि विकृति वाले मरीजों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। इनकी जांच का पुख्ता सिस्टम नहीं होने की वजह से इनकी संख्या में इजाफा हो रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने जातिगत भेदभाव की परिभाषा से संबंधित यूजीसी का फैसला रोका

# यूजीसी... नए नियमों के दुरुपयोग की आशंका, विभाजन का खतरा, लगी रोक

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर में जाति आधारित भेदभाव को रोकने से संबंधित हालिया यूजीसी समानता विनियमन पर रोक लगा दी। कोर्ट कहा कि ये विनियम प्रथम दृष्टया 'अस्पष्ट' प्रतीत होते हैं और इनका 'दुरुपयोग' किए जाने की आशंका है। शीर्ष अदालत ने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि अगर इस मामले में हस्तक्षेप नहीं किया गया तो इसका खतरनाक प्रभाव पड़ेगा और समाज में विभाजन पैदा होगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश उन विभिन्न याचिकाओं के बाद आया है जिनमें यह दलील दी गई थी कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने जाति-आधारित भेदभाव की 'गैर-समावेशी' परिभाषा अपनाई है और कुछ श्रेणियों को संस्थागत संरक्षण से बाहर रखा है।

इन नियमों के खिलाफ देश में विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुए जिसमें छात्र समूहों और संगठनों ने इन्हें तत्काल वापस लेने की मांग की। केंद्र और यूजीसी को नोटिस जारी करते हुए प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. बागची की पीठ ने सुझाव दिया कि प्रख्यात न्यायविदों की एक समिति द्वारा विनियमों पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, (केंद्र, यूजीसी को) नोटिस जारी करें और 19 मार्च तक जवाब दाखिल किए जाए। सॉलिसिटर ▶▶|शेष पेज 6 पर

### देशभर में नए नियमों को लेकर प्रदर्शन, कोर्ट ने केंद्र से कहा- नया ड्राफ्ट तैयार करें

**सुप्रीम कोर्ट का ऐसा आदेश**

- अभी 2012 वाले नियम ही लागू रहेंगे
- 19 मार्च 2026 तक केंद्र और यूजीसी को देना होगा जवाब



### सीजेआई की तल्ख टिप्पणी

सीजेआई सूर्यकांत ने नियमों पर रोक लगाते हुए पूछा कि क्या हम जाति विहीन समाज की तरफ बढ़ रहे हैं या पीछे जा रहे हैं? हमने देखा है कि हॉस्टल में छात्र एक साथ रहते हैं। नए नियमों से अलग हॉस्टल बन जाएंगे। ऐसा नहीं होना चाहिए। इस बीच जस्टिस बागची ने भी कहा कि समाज और देश में एकता के लिए काम करना चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, हम सरकार से जवाब लेंगे. ऐसी परिस्थिति से कुछ लोग लाभ ले सकते हैं। एक विशेषज्ञ कमेटी भी बनाई जा सकती है।

### यूजीसी के नए नियम क्या हैं?

- हर कॉलेज में ईक्वल अपॉर्च्यूनिटी सेंटर यानी ईओसी बनेगा
- ईओसी पिछड़े और विंचित छात्रों को पढ़ाई, फीस और भेदभाव से जुड़ी मदद देगा.
- हर कॉलेज में समता समिति बनानी होगी, जिसके अध्यक्ष कॉलेज के प्रमुख होंगे.
- कमेटी में एससी, एसटी, ओबीसी, महिलाएं और दिव्यांग शामिल होंगे इस कमेटी का कार्यकाल 2 साल होगा
- कॉलेज में इक्वलिटी स्क्वाड भी बनेगा, जो भेदभाव पर नजर रखेगा
- भेदभाव की शिकायत पर 24 घंटे में मीटिंग जरूरी होगी। 15 दिन में रिपोर्ट कॉलेज प्रमुख को देनी होगी
- कॉलेज प्रमुख को 7 दिन में आगे की कार्रवाई शुरू करनी होगी
- ईओसी हर 6 महीने में कॉलेज को रिपोर्ट देगा
- कॉलेज को जातीय भेदभाव पर हर साल यूजीसी को रिपोर्ट भेजनी होगी
- यूजीसी राष्ट्रीय निगरानी कमेटी बनाएगा. नियम तोड़ने पर कॉलेज की ग्रांट रोकी जा सकती है

**17 साल बाद कोर्ट ने सुनाई सजा, मिले थे 500 में से 484 अंक**

# पोराबाई की उत्तरपुस्तिकाओं में शेक्सपीयर सहित दिग्गजों का जिक्र, एमए इंग्लिश गोल्ड मेडलिस्ट सरीखे थे उत्तर

**तत्कालीन माशिम अध्यक्ष बीकेएस रे ने हरिभूमि को बताया, कैसे हुई जांच की शुरुआत**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि तत्काल**

2008 के बहुचर्चित पोराबाई नकल प्रकरण में अंततः न्यायालय ने अपना फैसला सुना दिया है। छत्तीसगढ़ के इस बहुचर्चित नकल प्रकरण ने पूरे प्रदेश को हिला दिया था। बोर्ड परीक्षाओं की विश्वसनीयता को लेकर भी सवाल उठने लगे थे। विलंब से ही सही, लेकिन दोषियों को सजा मिलने पर शिक्षाविदों ने संतोष व्यक्त किया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के तत्कालीन अध्यक्ष रहे बीकेएस रे हरिभूमि को बताया कि किस तरह मामले की परत खुली और क्यों उन्होंने जांच का निर्णय लिया।

**बकौल बीकेएस रे...** 2008 में मैं माशिम का अध्यक्ष था। मेरे अधीनस्थ कर्मचारी आए और उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम तैयार हो चुका है। मेरिट लिस्ट भी बनाई जा चुकी है। आप इस पर हस्ताक्षर कर दीजिए ताकि हम इसकी घोषणा कर सकें। मैं खुश हुआ कि हमने समय रहते परीक्षा संबंधित कार्य पूर्ण कर लिया। अगले दिन परीक्षा परिणामों के ▶▶|शेष पेज 6 पर

### टॉपर छात्रा व केंद्राध्यक्ष समेत चार को 5-5 साल की सजा



**जांजगीर-चांपा।** बहुचर्चित पोरा बाई नकल प्रकरण में 17 साल बाद कोर्ट ने आरोपियों को सजा सुनाई है। द्वितीय अपर सत्र न्यायालय ने मामले में दंडादेश जारी किया है। छात्रा पोरा बाई के साथ स्कूल के प्राचार्य और केंद्राध्यक्ष सहित 4 लोगों को 5-5 साल कठोर कारावास और 5-5 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया गया है। जांजगीर चाम्पा जिला में वर्ष 2008 मे बारहवीं की परीक्षा में प्रदेश में बिर्रा की छात्रा पोरा बाई ने टॉप ▶▶|शेष पेज 6 पर

### इन्हें पाया गया दोषी

छात्रा पोरा बाई, केंद्राध्यक्ष फूल साय नृसिंह, प्राचार्य एस एल जाटव और दीपक जाटव को दस्तावेज मे हेराफेरी और गड़बड़ी करने के मामले मे दोषी पाया। न्यायाधीश ने पोराबाई, फूलसाय नृसिंह, एस.एल.जाटव और दीपक जाटव को धारा 420, 467, 468, 471, 120बी के लिए पांच-पांच वर्ष कठोर कारावास और पांच-पांच हजार रुपए अर्थदण्ड से दंडित किया है।

### विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से 20 मार्च तक, 15 बैठकें होंगी

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा और 20 मार्च तक चलेगा। सत्र में 15 बैठकें होंगी। सत्र के पहले दिन, 23 फरवरी को राज्यपाल रामेन डेका अपना अभिभाषण देंगे।




राज्यपाल के अभिभाषण के साथ विधानसभा की कार्यवाही शुरू होगी। सत्र के दौरान 27 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश किए जाने की संभावना है। विधानसभा सचिवालय ने सत्र की अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्रश्नोत्तरी के साथ शासकीय कार्य पूरे किए जाएंगे। नया रायपुर स्थित नए विधानसभा में होने वाले सत्र के दौरान 28 फरवरी से 8 मार्च तक होली का अवकाश रहेगा। सत्र की अधिसूचना जारी होने साथ ही विधायकों के द्वारा सवाल लगने शुरू हो जाएंगे। सत्र के दौरान हर विभाग के बजट प्रस्तावों पर चर्चा के बाद पारित किया जाएगा। सत्र को लेकर विपक्ष भी सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है। वहीं सरकार विपक्ष की रणनीति को फेल करने पूरी तैयारी कर रही है। राज्य विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने से पहले राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की।

**सोना 1.83 लाख प्रति 10 ग्राम**

# चांदी चार लाख रुपए पार सोने का भी नया रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**हरिभूमि सरोकार**



राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में गुरुवार को चांदी की कीमतें चार लाख रुपए प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गईं, जबकि सोना 1.83 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। यह बढ़ोतरी वैश्विक बाजारों में तेज उछाल और सुरक्षित निवेश मानी जाने वाली इन परिसंपत्तियों के लिए निवेशकों की मजबूत मांग के कारण हुई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी में लगातार चौथे सत्र में तेजी जारी रही और यह 19,500 रुपए , या 5.06 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 4,04,500 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गई। चांदी बुधवार को 3,85,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 12,000 रुपए , या 7.02 प्रतिशत बढ़कर 1,83,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) के नए सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव 1,71,000 रुपए प्रति 10 ग्राम से कहीं अधिक है। सर्राफा कीमतों में तेज उछाल काफी हद तक वैश्विक रुख के अनुरूप था।

### चार दिन में सोना 21 हजार महंगा

सोना बुधवार को 1,64,635 रुपए पर था। वहीं चार कारोबारी दिनों में सोना 21,030 महंगा हो चुका है। 23 जनवरी को ये 1,54,310 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था।

### चांदी में 21 हजार की उछाल

एक किलो चांदी की कीमत 21,721 रुपए बढ़कर 3,79,988 रुपए किलो पर पहुंच गई है। चार दिन में चांदी की कीमत 62,283 रुपए महंगी हुई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 3,17,705 रुपए किलो थी।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार का हाल

अंतरराष्ट्रीय बाजार में, सोना 177.14 डॉलर, या 3.3 प्रतिशत बढ़कर 5,595.02 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंच गया। विदेशी व्यापार में हाजिर चांदी 3.59 डॉलर, या 3.07 प्रतिशत बढ़कर 120.45 डॉलर प्रति औंस के सवकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई।

# रायपुर और कोरबा में संशोधित गाइडलाइन दरें आज से लागू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जमीन की नई गाइडलाइन दरों का रास्ता साफ हो गया है। बढ़ी दरों में संशोधन के बाद रायपुर और कोरबा जिले में 30 जनवरी से नई दरें लागू हो जाएंगी।

- रायपुर-कोरबा जिले की पुनरीक्षित दरों का केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने किया अनुमोदन

गौरतलब है, राज्य में 20 नवंबर 2025 से नई गाइडलाइन दरें लागू की गई हैं। राज्य शासन द्वारा जिला मूल्यांकन समितियों को यह निर्देश जारी किए गए थे कि आवश्यकता अनुसार इन नवीन गाइडलाइन दरों में संशोधन के प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन समिति को भेजे जा सकते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि राज्य शासन का उद्देश्य भूमि एवं संपत्ति पंजीयन प्रक्रिया को पारदर्शी, यथार्थपरक और जनहितैषी बनाना है। गाइडलाइन दरों का समय-समय पर पुनरीक्षण वास्तविक बाजार मूल्य के अनुरूप किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को सुविधा मिले और पंजीयन व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे। ▶▶|शेष पेज 6 पर

# चंगाई सभा कर धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पूर्व डिप्टी कलेक्टर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

चंगाई सभा का आयोजन कर धर्म परिवर्तन कराने के मामले में पुलिस ने रिटायर्ड डिप्टी कलेक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने जांच उपरान्त सेवा निवृत्त डिप्टी कलेक्टर ओमेगा टोप्पो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- हिंदूवादी संगठन के लोगों ने की थी शिकायत

बता दें 25 जनवरी को गांधीनगर थाना अंतर्गत नमनाकला निवासी सेवा निवृत्त डिप्टी कलेक्टर 65 वर्षीया ओमेगा टोप्पों पिता स्व. सामुएल टोप्पो द्वारा अपने निवास पर चंगाई सभा का आयोजन किया गया था। इस चंगाई ▶▶|शेष पेज 6 पर



### पुलिस अफसरों को रोका

मौके पर पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी को पूर्व डिप्टी कलेक्टर ने अंदर आराधना चलने का हवाला देकर रोक लिया और घर में प्रवेश के लिए अनुमति कागज मांगने लगी। इसी बीच, अंदर मौजूद ज्यादातर लोगों को भगा दिया गया। धर्म परिवर्तन के मामले में पुलिस ने ओमेगा टोप्पो और चार पास्टर को पूछताछ के लिए थाने में बुलाया था, जिसके बाद इस मामले की जांच चल रही थी।

**संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री ने पेश की आर्थिक समीक्षा**

# भारत का आर्थिक आधार 'पहले से कहीं अधिक मजबूत'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि भारत का व्यापक आर्थिक आधार 'पहले से कहीं अधिक मजबूत' है। संसद में आर्थिक समीक्षा 2025-26 पेश करते हुए उन्होंने कहा कि देश ने वैश्विक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है, जिससे हमारी संभावित जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर सात प्रतिशत हो गई है। देश की आर्थिक वृद्धि दर अगले वित्त वर्ष में 6.8 से 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इससे साफ है कि व्यापार ▶▶|शेष पेज 6 पर



### चमकते सितारे के रूप में भारत

सीतारमण ने संसद में आर्थिक समीक्षा 2025-26 पेश करने के बाद, सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि भू-राजनीतिक विखंडन और आर्थिक उथल-पुथल से भरी इस दुनिया में भारत एक वैश्विक चमकते सितारे के रूप में खड़ा है - जो मजबूत, स्थिर और आगे बढ़ने वाला है।

### जीडीपी 6.8 से 7.2 फीसदी का अनुमान

आर्थिक समीक्षा के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूत गति बनाए रखी है। इसमें अगले वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 से 7.2 प्रतिशत के दायरे में रहने का अनुमान लगाया गया है। एनएसओ के अनुमानों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

**क्या है खास**

- भारत की संभावित वृद्धि दर लगभग सात प्रतिशत आंकी गई है, जबकि वित्त वर्ष 2026-27 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.8 से 7.2 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान
- वित्त वर्ष 2025-26 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर प्रथम अग्रिम अनुमान के अनुसार 7.4 प्रतिशत और सकल मूल्य वर्धन वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान
- समीक्षा में कृत्रिम मेधा की तेजी से उत्पादकता में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने से व्यापक वित्तीय संकट के प्रति आगाह किया गया।
- रुपये में गिरावट भारत की उत्कृष्ट आर्थिक बुनियाद को सटीक रूप से प्रतिबिंबित नहीं ।
- बाहरी वातावरण अनिश्चित बना हुआ है। भारत को सतर्क रहने की जरूरत है लेकिन निराशावादी होने का कोई कारण नहीं है।
- समीक्षा में 'गिग' कर्मियों के लिए काम की शर्तों को नया रूप देने वाली नीति की वकालत की।
- यूरोप के साथ मुक्त व्यापार समझौता भारत की विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता, निर्यात क्षमता और रणनीतिक क्षमता को मजबूत करेगा।

# बदलते मौसम ने टमाटर का रेट बिगाड़ा, 15 दिन पहले 30 रुपए बिक रहा था, अब चिल्हर में 8 रुपए किलो

तापमान में आ रहे उतार-चढ़ाव का व्यापक असर सब्जी उत्पादन पर पड़ने लगा है। सप्ताहभर से तापमान कभी अचानक अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस चला जाता है तो कभी न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस आ पहुंचा है। पिछले तीन दिनों की बदली भी छा रही है और दोपहर तेज धूप हो जाती है। मौजूदाहालात टमाटर फसल के लिए उपयुक्त नहीं है।इस वजह से ने दुर्ग जिले सहित प्रदेशभर में टमाटर तेजी से पकने लगे हैं। इसकी वजह से टमाटर के दाम बेहद घटने लगे हैं। 15 दिन पहले जो टमाटर 30 रुपए किलो चिल्हर में बिक रहा था वह अब 8 रुपए आ गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में दोनों सीजन में 19 हजार 14 हेक्टेयर क्षेत्रफल में टमाटर की फसल होती है। दुर्ग, धमधा और पाटन ब्लॉक मिलाकर कुल 380280 मीट्रिक टन टमाटर की पैदावारी ली जाती है। सबसे ज्यादा पैदावारी धमधा ब्लॉक में होती है इसलिए इसे प्रदेश का टमाटर हब भी कहा जाता है। धमधा में दोनों सीजन में 9514 हेक्टेयर में टमाटर की फसल होती है । धमधा में ज्यादा लाभ के कारण 70 फीसदी किसान टमाटर की खेती करते हैं। इससे पूरे प्रदेश में सर्वाधिक 1 लाख 95 हजार 280 मिट्रिक टन टमाटर की पैदावार यहीं होती है, लेकिन इस बार प्रतिकूल मौसम के कारण टमाटर के बंपर पैदावार ने किसानों को परेशान कर दिया है। यहां खेतों में आकर यूपी, नोएडा, दिल्ली, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना के व्यापारी स्थानीय बाजार से दोगुने दाम पर टमाटर खरीदकर ले जाते थे, लेकिन इस बार नोएडा और दिल्ली तो दूर लोकल बाजार में भी खरीदार नहीं मिल रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ में ही नहीं पूरे देशभर में इस बार टमाटर का रेट लगभग एक सा

### थोक में 5 रुपए रेट पहुंचा टमाटर

टमाटर उत्पादक किसानों के मुताबिक थोक रेट प्रति किलो 5 रुपए तक आ पहुंचा है। टमाटर को मजदूरों से तुड़वाने और उसे मंडी तक परिवहन करने में ही 5 रुपए ही प्रति किलो खर्च हो जाते हैं। इस स्थिति में टमाटर किसानों के लिए अब फायदे का सौदा नहीं रह गया है। आने वाले दिनों में मौसम में और उतार-चढ़ाव होता रहा तो टमाटर के दाम और धड़ाम से गिर सकते हैं। इसलिए किसानों की चिंता बढ़ गई है।



### अभी और कम होंगे टमाटर के दाम

पिछले 15 दिनों से तापमान में व्यापक उतार-चढ़ाव हो रहा है। जिसकी वजह से टमाटर जल्दी पक रहे हैं। छत्तीसगढ़ से दीगर राज्यों में टमाटर का परिवहन होता था वह भी बंद है। इसलिए कि नेशनल स्तर पर भी टमाटर का रेट यदि यहां से ट्रांसपोर्टिंग कर लेकर जाएंगे तो मंहगा पड़ेगा। जिसकी वजह से ट्रांसपोर्टर छत्तीसगढ़ में वाहनों का रैंक लगा नहीं रहे। मंडी में लोकल टमाटर की आवक काफी ज्यादा होने से टमाटर के दाम तेजी से घट रहे हैं। आगे और रेट गिर सकते हैं।

- **झबेद भूषण वैष्णव**, महासचिव छग प्रगतिशील किसान संगठन

### एक साथ पकने लगे हैं टमाटर

मौसम की मार से प्रदेशभर के सब्जी उत्पादक किसानों को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। धमधा पथरिया के किसान लीमन साहू, केशडबरी के किसान प्रकाश लोधी, नगपुरा के किसान पंकज भाई, गनियारी के किसान टेकन साहू, घोठा के के किसान रामाधार, डोमा पथरिया के किसान संदीप सोलंकी आदि बताते हैं कि बदली और तापमान ज्यादा बढ़ने-घटने की वजह से टमाटर प्री मेच्योर हो गया है। दो से तीन दिन बाद टमाटर तैयार होती थी वह पहले ही तैयार हो रही है। हाल यह है कि टमाटर तो एक साथ पकने लगे हैं। दीगर राज्यों से ट्रांसपोर्टिंग भी बंद हो गई है। लोकल में छोटे बाड़ियों से भी टमाटर की आवक बढ़ गई है। इन कारणों से टमाटर की खपत कम और पैदावारी ज्यादा हो गई है।

## खबर संक्षेप

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करके किसान ने खा लिया जहर

**अकलतरा।** विकासखंड के ग्राम सांकर में सेवा सहकारी समिति में धान बिक्री के लिए टोकन जारी न होने से मानसिक तनाव में आए एक किसान ने आत्मघाती उठाते हुए जहर खा लिया। उसे उपचार उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया है। जहर खाने से पहले उसने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था। जानकारी के अनुसार सांकर निवासी अनुराग सिंह चंदेल का 400 क्विंटल से अधिक धान सेवा सहकारी समिति में लंबे समय से नहीं बिक पाया है। धान खरीदी के लिए वह बार-बार समिति कार्यालय जाता, लेकिन हर बार उसे टोकन जारी नहीं किया गया। लगातार अस्वीकृति, बढ़ते कर्ज, पारिवारिक जिम्मेदारियों और आर्थिक अनिश्चितता ने उसे गहरे मानसिक दबाव में ला खड़ा किया। इसके बाद उसने सोशल मीडिया में एक वीडियो पोस्ट किया और जहर खा लिया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को स्थिति की गंभीरता का अंदेशा हुआ। तत्काल उसे बिलासपुर ले जाया गया, जहां पहले एक निजी अस्पताल और बाद में पीजी अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया।



### नकली दवा का मामला, सारंगढ़ के कारोबारी और एफडीए के अफसर की शहर के होटल में मीटिंग

**रायपुर।** नकली एंटीबायोटिक दवा के मामले में संदेह के दायरे में आने वाले सारंगढ़ के कारोबारी और खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी की राजधानी के होटल में हुई मीटिंग ने मामले में नया मोड़ ले लिया है। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के बाद प्रकरण की जांच को लेकर विभिन्न तरीके की चर्चा होने लगी है। पूर्व जांच में कारोबारी के घर लाखों रुपए की दवा के साथ नकली ड्रग की तस्वीर मोबाइल पर मिली थी। गोगांव के ट्रांसपोर्ट में लावारिस मिली एंटीबायोटिक की नकली दवा के मामले की जांच अभी पूरी नहीं हुई है। मामला गंभीर होने के साथ जांच प्रक्रिया आरोपों में घिर चुकी है। इस मामले में कुछ अधिकारियों से जवाब-तलब हो रहा है, वहीं एक अधिकारी का राजधानी के होटल में मामले के संदेहियों के साथ मीटिंग करते वीडियो वायरल हुआ है। सारंगढ़ में सरस्वती मेडिकल के संचालक खेमराज केसरवानी, उनकी पत्नी वीडियो में रायपुर जिले के सहायक नियंत्रक संजय नेताम के साथ सुभाष स्टेडियम के समीप एक रेस्टोरेंट में मीटिंग करते नजर आ रहे हैं। इसे लेकर विभिन्न तरह की चर्चा का दौर शुरू हो गया और विभागीय स्तर पर संवेदनशील मामले में जांच प्रभावित होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा रहा है। इस मामले में सहायक नियंत्रक संजय नेताम ने कहा कि कारोबारी दवा प्रकरण में नोटिस के सिलसिले में रायपुर आया था। उनके काफी निवेदन के बाद वे होटल में उनसे मिलने पहुंचे थे। विभाग के अन्य अधिकारी होटल के भीतर एक अफसर को मिले सम्मान सेलीब्रेट कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुलाकात महज औपचारिक थी और वे अपनी शासकीय गाड़ी में सवार थे। नकली दवा का यह मामला छत्तीसगढ़ के तीन जिले और मध्यप्रदेश के इंदौर से जुड़ा हुआ है।

## माओवादियों की बड़ी साजिश को सुरक्षाबलों ने किया नाकाम

# सड़क के बीच आईईडी कमांड स्वीच सिस्टम से प्लांट किए गए 20-30 किलो के दो बम बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

माओवादियों द्वारा सड़क के बीच आईईडी कमांड स्वीच सिस्टम से प्लांट किए गए 20 व 30 किलो के दो बमों को सुरक्षाबलों ने बरामद किया है। बमों को डिफ्यूज कर दिया गया है।

बीजापुर एसपी डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा बड़े पैमाने पर हमले की साजिश को सफलतापूर्वक विफल कर दिया है। डीआरजी बीजापुर, ईलमिड़ी थाना, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की 9वीं वाहिनी और बीडीएस टीम बीजापुर की संयुक्त टीम द्वारा ईलमिड़ी लंकापल्ली क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सर्चिंग अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान सुरक्षाबलों के जवानों ने माओवादियों द्वारा लगाए गए दो अत्यंत शक्तिशाली इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइसेस आईईडी को बरामद कर उन्हें सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया। अभियान के दौरान डिमाइनिंग कार्रवाई करते हुए लंकापल्ली कच्ची सड़क पर ये आईईडी बरामद किया गया था जो 20 व 30 किलो वजनी था। बीडीएस टीम बीजापुर ने सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए इन आईईडी को मौके पर ही निष्क्रिय और नष्ट करने की कार्रवाई को अंजाम दिया।

## बीजापुर जिले के ईलमिड़ी थाना क्षेत्र स्थित लंकापल्ली कच्चे मार्ग में किया निष्क्रिय



### नागरिकों को हर खतरे से बचाना प्राथमिकताः आईजी

आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने कहा कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा की स्थिति को बनाए रखने के उद्देश्य से सुरक्षा बल द्वारा लगातार सर्चिंग और एरिया डॉमिनेशन अभियान चला रहे हैं। इन अभियानों का उद्देश्य किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि का पता लगाना और उसे तुरंत निष्प्रभावी करना है ताकि आम नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाया जा सके। इस सफल कार्रवाई से स्थानीय निवासियों को भी सुरक्षा का एहसास हुआ है। माओवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिली है।

### सुरक्षा बलों व वाहनों को निशाना बनाना था उद्देश्य

माओवादियों ने इन आईईडी को कमांड स्विच सिस्टम के माध्यम से सड़क के बीचों-बीच प्लांट किया था ताकि बड़े वाहनों विशेषकर सुरक्षा बलों या सरकारी वाहनों को निशाना बनाया जा सके। लेकिन नक्सल साजिश को नाकाम करते हुए सुरक्षाबलों ने सतर्कता और सूझ-बूझ से माओवादियों की इस नापाक साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया। यह घटना सुरक्षा बलों की प्रभावी निगरानी और क्षेत्र में शांति व व्यवस्था बनाए रखने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

# दुष्कर्म केस में डॉक्टर को राहत नहीं, एफआईआर व चार्जशीट रद करने से हाईकोर्ट का इनकार

- डॉक्टर ने एफआईआर, चार्जशीट और संज्ञान आदेश रद्द करने दायर की थी याचिका, कोर्ट ने किया खारिज
- अदालत ने कहा- आरोप गंभीर हैं, तथ्यात्मक विवाद ट्रायल के दौरान तय होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने दुष्कर्म के गंभीर आरोपों से जुड़े एक मामले में आदेश पारित करते हुए एफआईआर, चार्जशीट और संज्ञान आदेश को रद (क्वैश) करने से इंकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा एवं न्यायमूर्ति रविन्द्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने यह आदेश पारित किया है।

याचिकाकर्ता विजय उमाकांत वाघमारे (33) लातूर महाराष्ट्र के निवासी हैं, और पेशे से एमएस ऑर्थोपेडिक सर्जन हैं। उनके खिलाफ भिलाई नगर, जिला दुर्ग में वर्ष 2018 में अपराध दर्ज किया गया था। आरोप है कि उन्होंने विवाह का झूठा आश्वासन देकर शिकायतकर्ता से दो बार शारीरिक संबंध बनाए। जांच के बाद 3 अक्टूबर 2025 को धारा 376 आईपीसी के तहत चार्जशीट पेश की गई, जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, दुर्ग द्वारा संज्ञान ले लिया गया। इसी के खिलाफ आरोपी डॉक्टर ने बीएनएसएस की धारा 528 के तहत हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के कुछ मामलों का हवाला देते हुए कहा कि एफआईआर या चार्जशीट को रद्द करने की शक्ति अत्यंत सीमित और दुर्लभ मामलों में ही प्रयोग की जानी चाहिए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि, इस स्तर पर सबूतों की जांच या मिनी ट्रायल नहीं किया जा सकता। अलिबी, सहमति, देरी और झूठे आरोप जैसे तर्क ट्रायल के विषय हैं। एफआईआर और जांच सामग्री से प्रथम दृष्टया अपराध बनता है। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी और कहा कि याचिकाकर्ता को ट्रायल कोर्ट में अपना बचाव प्रस्तुत करने का पूरा अवसर मिलेगा। इस स्तर पर कार्यवाही को रोकना या रद्द करना न्यायसंगत नहीं होगा।

## अम्बिकापुर को हवाई सेवा से जोड़ने की पहल

# दिल्ली, बनारस, रांची मार्ग पर फ्लाइट चलाने का प्रस्ताव




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

क्षेत्रीय विमानन कंपनी द्वारा उड़ान सेवा बंद करने के बाद पिछले 8 महीनों से दरिमा स्थित महामाया एयरपोर्ट सूना पड़ा है। कहने के लिए क्षेत्रीय विमानन कंपनी स्टार हब ने फ्लाई बिग के रूट पर उड़ान सेवा प्रारंभ करने की जिम्मेदारी ले ली है लेकिन लाइसेंसिंग की प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण हवाई सेवा शुरू होने को लेकर अभी भी ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है।

**अम्बिकापुर रायपुर मार्ग पर समय को लेकर नहीं बन रही सहमति**

शासन द्वारा 19 दिसम्बर को बड़ी उपलब्धि के रूप में अम्बिकापुर से बिलासपुर एवं रायपुर के लिए हवाई सेवा की शुरुआत की गई थी। क्षेत्रीय विमानन कंपनी फ्लाई बिग द्वारा बिलासपुर एवं रायपुर के लिए उड़ान सेवा प्रारंभ की गई थी। शुरुआत में हवाई सफर के आकर्षण में लोगों ने उत्साहपूर्वक हवाई जहाज का सफर किया लेकिन मनमानी संचालन व शाम में फ्लाइट का संचालन होने के कारण लोगों का हवाई सफर से मोहभंग होने लगा। फ्लाई बिग द्वारा बिना अग्रिम सूचना के बीच-बीच में फ्लाइट का संचालन बंद करने से लोगों का हवाई सफर के प्रति रूझान खत्म होने लगा। फ्लाई बिग शासन से मिल रही आर्थिक मदद से जैसे-तैसे मई 2025 तक फ्लाइट का संचालन किया। जून महीने में बारिश के कारण दृश्यता कम होने का हवाला देकर उड़ान सेवा को बंद कर दिया।

### ये मार्ग हैं प्रस्तावित

अधिकारियों ने एलायंस एयर को अम्बिकापुर-जगदलपुर-दिल्ली, अम्बिकापुर-बिलासरपुर-दिल्ली, दिल्ली-वाराणसी-रायपुर, वाराणसी-अम्बिकापुर-रायपुर, रांची-अम्बिकापुर-रायपुर मार्ग में से किसी भी तीन रूट पर फ्लाइट चलाने का प्रस्ताव दिया है। बड़ी संख्या में सरगुजावासी हर दिन दिल्ली, वाराणसी, रांची एवं रायपुर तक सफर करते हैं। इन स्थानों के लिए दरिमा से हवाई सेवा प्रारंभ होने पर क्षेत्रवासियों को आवागमन में काफी सुविधा होगी वहीं विमानन कंपनी की कमाई बढ़ेगी।

### चल रही चर्चा

एलाइंस एयर को विभिन्न तीन मार्गों पर हवाई जहाज चलाने का प्रस्ताव दिया गया है। अम्बिकापुर-रायपुर मार्ग पर फ्लाइट चलाने के समय को लेकर सहमति नहीं बनी है। अम्बिकापुर से रायपुर के लिए सुबह फ्लाइट चलाने एवं शाम में वापसी का प्रस्ताव दिया गया है। इस संबंध में लगातार चर्चा चल रही है।

-**सुशील श्रीवास्तव,** डायरेक्टर, महामाया एयरपोर्ट दरिमा

# राज्यसभा चुनाव याचिका : कांग्रेस पक्ष की गवाही पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

वर्ष 2018 के राज्यसभा निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका में कांग्रेस के पराजित उम्मीदवार लेखराम साहू की ओर से सभी गवाहों की गवाही पूरी हो गई। अब भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार और तत्कालीन विजेता सरोज पांडे की ओर से अपने निर्वाचन के पक्ष में गवाह प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनकी गवाही और प्रति-परीक्षण हाईकोर्ट में किया जाना है।



उच्च न्यायालय में चल रही इस चुनाव याचिका की सुनवाई के दौरान आज विधानसभा के तत्कालीन महासचिव चंद्रशेखर गंगराड़े की गवाही दर्ज करने के साथ ही लेखराम साहू की ओर से प्रस्तुत किए जाने वाले कुल नौ गवाहों की गवाही समाप्त हो गई। गौरतलब है कि मार्च 2018 में छत्तीसगढ़ विधानसभा में राज्यसभा की एक रिक्त सीट के लिए भाजपा की ओर से सरोज पांडे और कांग्रेस की ओर से लेखराम साहू उम्मीदवार थे। नामांकन को लेकर लेखराम साहू ने सरोज पांडे पर अपने निर्वाचन शपथ पत्र में गलत जानकारी देने, तथ्यों को छिपाने और एक बैंक खाते की जानकारी नहीं देने जैसे आरोप लगाए थे। इसके साथ ही श्री साहू ने भाजपा के 11 विधायकों पर संसदीय सचिव तथा 7 विधायकों पर निगम-मंडलों में अध्यक्ष/उपाध्यक्ष होने के कारण लाभ का पद धारण करने का आरोप लगाया था। इस आधार पर इन 18 विधायकों को मतदान से वंचित करने की मांग भी की गई थी। हालांकि, उस समय राज्यसभा निर्वाचन अधिकारी ने दोनों आपत्तियों को खारिज कर दिया था। मामले की शिकायत राज्यपाल से करते हुए चुनाव स्थगित करने और 18 विधायकों को मतदान से रोकने की मांग की थी, लेकिन इसके बावजूद सभी 18 विधायकों ने मतदान किया और सरोज पांडे को विजयी घोषित किया गया। पराजित उम्मीदवार लेखराम साहू ने शपथ पत्र में गलत जानकारी देने और कथित रूप से अपात्र विधायकों को मतदान की अनुमति देने को आधार बनाकर सरोज पांडे के राज्यसभा निर्वाचन को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

**बचाव पक्ष ने मांगा दो सप्ताह का समय-** सुनवाई के दौरान सरोज पांडे की ओर से अधिवक्ता ने उनके शपथ पत्र प्रस्तुत करने के लिए न्यायालय से दो सप्ताह का समय मांगा, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। अब अगली सुनवाई में सरोज पांडे और उनके द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले अन्य गवाहों की गवाही दर्ज की जाएगी। सुनवाई में लेखराम साहू की ओर से अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव एवं सुदीप वर्मा, जबकि सरोज पांडे की ओर से अधिवक्ता अविनाश प्रसाद साहू ने पक्ष रखा।

# खातेदारों की जानकारी देने बैंक को दिया अंतिम अवसर

भिलाई के सुपेला स्थित यस बैंक में करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेनदेन के मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया है। मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने यस बैंक को सभी खातेदारों की पूरी जानकारी उपलब्ध कराने का अंतिम अवसर दिया है। निर्धारित समयावधि में जानकारी उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में मामले की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराने संबंधी स्पष्ट निर्देश हाईकोर्ट ने दिए हैं। हाईकोर्ट के समक्ष प्रस्तुत तथ्यों के अनुसार, सुपेला स्थित यस बैंक की शाखा में लगभग 165 करोड़ रुपये के लेनदेन का मामला सामने आया है। जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि अनिमेष सिंह के नाम से खोले गए एक खाते में कुल 457 बैंक खातों से लेनदेन किया गया। हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि 10 मार्च निर्धारित की है। यस बैंक की ओर से 285 खातेदारों की पूरी जानकारी अब तक नहीं जुटाए जाने की बात कही गई। बैंक द्वारा जांच में अपेक्षित सहयोग न किए जाने को लेकर राज्य की ओर से जांच अधिकारी ने शपथ पत्र प्रस्तुत किया, जिस पर न्यायालय ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। डिवीजन बेंच ने अपने आदेश में कहा कि स्वतंत्र जांच एजेंसी को जांच सौंपने से पहले बैंक को सभी खातेदारों की संपूर्ण जानकारी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी। इसे अंतिम अवसर माना जाएगा। याचिकाकर्ता प्रभुनाथ मिश्र के अधिवक्ता सतीश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामले में जांच की धीमी और लचर प्रक्रिया को लेकर न्यायालय पहले भी नाराजगी जाहिर कर चुका है। उन्होंने कहा कि कोर्ट कई बार इस बात के संकेत दे चुका है कि आवश्यकता पड़ने पर सीबीआई जैसी स्वतंत्र जांच एजेंसी को जांच सौंपी जा सकती है। यदि स्वतंत्र एजेंसी को जांच मिलती है तो पूरा मामला जनता के सामने स्पष्ट रूप से आएगा और कोई भी दोषी बच नहीं सकेगा।

## वायरल हुआ वीडियो, डीईओ ने प्राचार्य को जारी किया नोटिस

# आत्मानंद स्कूल में अश्लील भोजपुरी गाने पर स्कूली बच्चों ने किया डांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर स्वामी आत्मानंद स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान अश्लील भोजपुरी गाने पर डांस करने का मामला सामने आया है। स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम की मर्यादा से हटकर अश्लील गानों पर डांस करने का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। इस घटना के बाद बच्चों के अभिभावक ने भी नाराजगी जाहिर की है।

इधर इस मामले में डीईओ ने प्राचार्य को नोटिस जारी करने के साथ ही जांच के निर्देश दिए है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर स्वामी आत्मानंद स्कूल में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों एक साथ ही उनके अभिभावक भी शामिल हुए। गणतंत्र दिवस का सांस्कृतिक कार्यक्रम समाप्त होने के बाद स्कूल में किसी ने भोजपुरी गाना बजाना शुरू कर दिया। भोजपुरी गाना शुरू होते ही बच्चे भी मर्यादा भूलकर डांस करने लगे। बच्चे अभिभावकों के सामने ही अश्लील गानों पर नाच रहे थे। इस दौरान किसी ने इसका वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में बालक स्टेज पर लहरिया लूटा ए राजा भोजपुरी गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जबकि बालिकाएं स्टेज के नीचे डांस कर रही है। डांस का वीडियो वायरल होने के बाद अभिभावकों ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। वहीं लोगों ने भी इस घटना की निंदा की। खैरवार/ खरवार आदिवासी विकास परिषद छग के प्रदेश अध्यक्ष अमित सिंह खैरवार ने भी इस घटना को लेकर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। इधर वायरल वीडियो के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य बसंत गुप्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### कार्रवाई की जाएगी

सांस्कृतिक कार्यक्रम की मर्यादा होती है। मर्यादा से विपरीत कार्य करने पर कार्रवाई की जाएगी। प्रचार को नोटिस जारी किया गया है। जवाब आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-**मनीराम यादव**
डीईओ

बिलासपुर
शुक्रवार 30 जनवरी 2026
माघ शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्ष : 25, अंक : 308
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 4.00***

मौसम
अधि. 27.8
न्यूनं. 16.2

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


haribhoomi.com

7 रणजी ट्रॉफी : सौराष्ट्र के उनादकट...



विचार पेज
2 उम्मीदों व यथार्थ के बीच संतुलन जरूरी

## राजकीय सम्मान के साथ अजित पवार का अंतिम संस्कार



# मौसम, मशीन या मानवीय भूल ब्लैक बॉक्स खोलेगा मौत के राज!

*महाराष्ट्र के बारामती में उपमुख्यमंत्री अजित पवार का पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इधर, अजित पवार के प्लेन क्रैश मामले में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने जांच तेज कर दी। ब्लैक बॉक्स अब मौत के राज खोलेगा। शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि विमान हादसे के पीछे बारामती हवाई पट्टी पर कम विजिबिलिटी और उन्नत नेविगेशन उपकरणों की कमी संभावित कारण हो सकते हैं।*

### इन सवालों के जवाब की तलाश

- खराब विज़िबिलिटी में लैंडिंग की कोशिश क्यों?
- लैंडिंग क्लीयरेंस के बाद अचानक क्या हुआ?
- कितना सुरक्षित लियरजेट-45 प्लेन?
- क्या लैंडिंग एप्रोच सुरक्षित थी?
- मेडे कॉल क्यों नहीं?



एजेंसी ▶▶| पुणे

महाराष्ट्र के पुणे जिले के बारामती में शोकाकुल लोगों ने गुरुवार को अपने प्रिय नेता उपमुख्यमंत्री अजित पवार को अंतिम विदाई दी। अंतिम विदाई के लिए आए लोगों से खचाखच भरे बारामती के विद्या प्रतिष्ठान मैदान में पवार के बेटों पार्थ और जय ने चिता को मुखाग्नि दी। उनकी पत्नी एवं राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाईं, उनकी आंखों से आंसुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और हर ओर 'अजित दादा अमर रहे' के नारे ▶▶|शेष पेज 6 पर

### लियरजेट 45 विमान दुर्घटना से बेहद दुखी

विमान निर्माता कंपनी बॉम्बार्डियर ने कहा है कि वह बारामती में उसके लियरजेट 45 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच कर रहे अधिकारियों को सहयोग देगी। एक बयान में, बॉम्बार्डियर के प्रवक्ता ने कहा कि जांच पूरी होने तक वे दुर्घटना के संभावित कारण पर टिप्पणी नहीं कर सकते।



### केंद्रीय मंत्री ने मांगा सहयोग

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने महाराष्ट्र के बारामती हवाई अड्डे पर हुए विमान हादसे की त्वरित जांच के लिए बृहस्पतिवार को राज्य सरकार से सहयोग मांगा। नायडू ने विमान हादसे के एक दिन बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लिखे पत्र में दुर्घटना स्थल तक पहुंच के लिए सरकार से सहयोग मांगा। साथ ही स्थानीय प्रशासनिक सहायता और जमीनी एजेंसियों के साथ समन्वय सहित अन्य उपायों को लेकर अनुरोध किया।

### जांच के लिए पहुंची टीम

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कहा कि सरकार हवाई सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के प्रति 'कतई बर्दाश्त नहीं' करने की नीति अपनाती है। महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान हादसे की जांच समयबद्ध तरीके से की जाएगी। नायडू ने कहा कि वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो और नागरिक उड्डयन महानिदेशक घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सेल को तीसरी बार 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' प्रमाणन



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड को लगातार तीसरे साल 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' का प्रमाणन प्राप्त हुआ है। नवीनतम प्रमाणन फरवरी 2026 से फरवरी 2027 की अवधि के लिए दिया गया है। सेल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने खुशी जताई। कहा, यह मान्यता हमारे कर्मचारियों द्वारा संगठन में जताए गए भरोसे और उस कार्य संस्कृति का प्रतिबिंब है।

### भारत में प्रति 10 लाख लोगों पर 22 न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** सरकार ने राज्यसभा को बताया कि भारत में प्रति 10 लाख आबादी पर करीब 22 न्यायाधीश हैं। विधि आयोग ने 1987 में अपनी 120वीं रिपोर्ट में प्रति 10 लाख जनसंख्या पर 50 न्यायाधीशों का अनुपात रखने की सिफारिश की थी। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने जवाब में कहा कि वर्तमान में, देश में न्यायाधीशों का अनुपात प्रति दस लाख जनसंख्या पर लगभग 22 न्यायाधीश है। न्यायाधीशों के अनुपात की गणना करने के लिए, विधि एवं न्याय मंत्रालय मानदंड का उपयोग करता है।

### 7 लाख के ईनामी दो हार्डकोर नक्सली ढेर

## बीजापुर के कावरगट्टा में मुठभेड़, कुख्यात माओवादी कैडर प्रदीप और भीमा ढेर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दक्षिण बीजापुर जिले के कावरगट्टा में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने दो कुख्यात माओवादी एसीएम प्रदीप व पीएम भीमा को मार गिराया। मुठभेड़ स्थल से दोनों माओवादियों के शव के अलावा एके 47 राइफल, 9 एमएम पिस्टल, गोला-बारूद, विस्फोटक सामग्री व अन्य नक्सल सामग्री बरामद ▶▶|शेष पेज 6 पर

### नक्सलियों के खिलाफ जारी रहेगा अभियान

मारे गए माओवादी विभिन्न हिंसक घटनाओं एवं नागरिकों की हत्याओं में संलिप्त थे, जिनमें हाल ही में कावरगट्टा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच भीमा मड़कम की हत्या की घटना भी शामिल है। एसपी ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए दोनों माओवादी कैडर संगठन के सक्रिय सदस्य थे तथा इन पर पूर्व से ईनाम घोषित था। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### अंतिम सांस गिन रहा नक्सल सगंठन-आईजी

बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टिलिंगम ने कहा कि बस्तर रेंज में चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों के चलते माओवादी संगठन अब अंतिम सासों पर है। हम स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। ▶▶|शेष पेज 6 पर

## नई कार्य संस्कृति का प्रतीक 'प्रगति'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- राज्य में 99 राष्ट्रीय अवसंरचना परियोजनाओं में 6.11 लाख करोड़ रुपये का निवेश

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश सुशासन की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में प्रगति डिजिटल प्लेटफॉर्म की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह प्लेटफॉर्म सरकार की कथनी और करनी में समानता का सशक्त प्रमाण है तथा सुशासन की दिशा में एक प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत करता है। प्रगति पोर्टल ▶▶|शेष पेज 6 पर

### योजनाओं और नागरिकों की शिकायतों का समाधान

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रगति पोर्टल के माध्यम से प्रधानमंत्री स्वयं राज्यों के मुख्य सचिवों और केंद्र सरकार के सचिवों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें करते हैं। अब तक 50 से अधिक उच्चस्तरीय प्रगति समीक्षा बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं, जिनके माध्यम से लंबित परियोजनाओं, कमजोर प्रदर्शन वाली योजनाओं और नागरिकों से जुड़ी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 61 योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार

सीएम ने बताया कि अब तक प्रगति प्लेटफॉर्म के माध्यम से लगभग 85 लाख करोड़ रुपये की लागत वाली 3,300 से अधिक परियोजनाओं को गति दी गई है। इसके साथ ▶▶|शेष पेज 6 पर

### व्यापमं की परीक्षा पास करके आए थे, प्रमाणपत्रों की जांच से डरे

## दिव्यांग बनकर अधिकारी बनने आए 13 अभ्यर्थी गायब, नौकरी देने दूसरी बार बुलाया, फिर भी नहीं आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी यानी आरईएओ के पद के लिए व्यापमं से परीक्षा दिलाकर पास हुए 13 लोगों को जब नौकरी देने के पहले प्रमाणपत्रों की जांच के लिए बुलाया, तो वे सारे भाग निकले। हरिभूमि ने इस संबंध में 18 जनवरी को प्रमुखता से प्रकाशित समाचार में संदेह जताया था कि ये सभी लोग फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर ▶▶|शेष पेज 6 पर


कुछ के प्रमाण पत्र नकली सिद्ध हुए, मामला सुप्रीम कोर्ट में
राज्य में फर्जी प्रमाण पत्र से नौकरी पाने के 153 मामले सामने आए
आरएईओ के पद पर सीधी भर्ती, 14 दिव्यांग सलेक्ट पर प्रमाणपत्रों की जांच से पहले 13 गायब
ये है मामला
ये हो सकते हैं फर्जी
आशंका इसलिए

### फर्जी है इसलिए भागे अब जांच होनी चाहिए

छत्तीसगढ़ दिव्यांग संघ के प्रदेश अध्यक्ष बोहित राम चंद्राकर ने इस मामले में कहा है, हमने पहले भी आशंका जताई थी कि ये मूल प्रमाणपत्रों की जांच से भागे 13 अभ्यर्थी फर्जी प्रमाणपत्र धारी हो सकते हैं, अब ये आशंका सच हो गई है। अब हमारा ये कहना है कि इन लोगों को किसी हाल में छोड़ा नहीं जाना चाहिए। इनके प्रमाणपत्रों की जांच होनी चाहिए। शासन-प्रशासन के लिए इस तरह के लोगों का सहयोग भी करते हैं।

### ये है मामला

राज्य सरकार के संचालनालय कृषि ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के 321 पदों पर सीधी भर्ती के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल के माध्यम से परीक्षा आयोजित की थी। परीक्षा पास करने वालों में से 14 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। ये सभी श्रवण बाधित श्रेणी (बहरे) के थे, लेकिन इनमें से केवल एक ही मूल प्रमाणपत्रों की जांच कराने पहुंचा। बाकी के 13 गैरहाजिर रहे। मूल प्रमाणपत्रों के सत्यापन के बाद आवेदक के प्रमाणपत्रों के आधार पर उनकी पात्रता, अपात्रता की छानबीन करने के लिए बनी समिति ने सभी अनुपस्थित लोगों ▶▶|शेष पेज 6 पर

### अंतरराष्ट्रीय मीडिया और वैश्विक प्रमुखों ने भारत-ईयू एफटीए की प्रशंसा की

# भारत और ईयू मुक्त व्यापार समझौता ऐतिहासिक उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (भारत-ईयू एफटीए) के पूर्ण होने पर विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय मीडिया, विदेशी राजनीतिक नेतृत्व, वैश्विक व्यापार प्रमुखों और प्रतिष्ठित नीति-विशेषज्ञों ने इसे लेकर मज़बूत और सकारात्मक प्रतिक्रियाएं दी हैं। इस समझौते को आर्थिक और भू-राजनीतिक — दोनों दृष्टियों से ऐतिहासिक, रणनीतिक और समयोचित कदम के रूप में देखा जा रहा है। दुनिया के प्रमुख मीडिया संस्थानों ने भारत-ईयू एफटीए की ▶▶|शेष पेज 6 पर

### अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ और थिंक-टैंक

वैश्विक नीति विशेषज्ञों और थिंक-टैंकों ने इस समझौते को ठोस, दूरदर्शी और रणनीतिक रूप से सही समय पर लिया गया निर्णय बताया है। सीएसआईएस, अटलांटिक काउंसिल, कील इंस्टीट्यूट, यूरोपियन काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस और आईआईएसएस जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के अनुसार, यह समझौता वैश्विक व्यापार, निवेश, डिजिटल सहयोग और दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि को नई दिशा देगा।



### व्यापार प्रमुख और उद्योग संगठनों ने भी सराहा

भारत में सक्रिय यूरोपीय और वैश्विक व्यापार संगठनों ने इस समझौते को लंबे समय से प्रतीक्षित सफलता बताया है। एयरबस, इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स, बिजनेस यूरोप, वोक्सवैगन, बीएमडब्ल्यू और ▶▶|शेष पेज 6 पर

### समझौते का खुले तौर पर स्वागत

वैश्विक राजनीतिक नेतृत्व की प्रतिक्रिया आई है। यूरोप के कई वरिष्ठ नेताओं ने इस समझौते का खुले तौर पर स्वागत किया है। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने इसे "बहुत ही सकारात्मक संकेत" बताया और आर्थिक वृद्धि व समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए इसे शीघ्र लागू करने की अपील की। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने इसे भारत-ईयू के बीच अब तक का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक व्यापार समझौता बताया, ▶▶|शेष पेज 6 पर



## गणतंत्र दिवस पर निकाली गई झांकियों के विजेताओं की सूची जारी

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस परेड के मौके पर निकाली गई झांकियों के विजेताओं की सूची जारी कर दी गई है।। इस साल तीनों सेनाओं में सबसे अच्छे मार्चिंग दल का पुरस्कार भारतीय नौसेना ने अपने नाम किया है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और अन्य सहायक बलों की श्रेणी में दिल्ली पुलिस के दल को सबसे अच्छा मार्चिंग दल चुना गया है। संस्कृति मंत्रालय की वंदे मातरम की 150 साल की विरासत का जश्न मनाने वाली झांकी मंत्रालयों और विभागों की श्रेणी में विजेता रही। अधिकारियों ने बताया कि 30 जनवरी को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन राष्ट्रीय रंगशाला कैंप में किया जाएगा।

**राष्ट्रीय रंगशाला कैंप में आज होगा पुरस्कार वितरण समारोह**

# नौसेना सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल, झांकी में महाराष्ट्र अव्वल

### इस राज्य ने मारी बाजी

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों में महाराष्ट्र ने बाजी मारी है। महाराष्ट्र की झांकी में गणेश उत्सव को आधुनिकता और परंपरा के साथ दिखाया गया था। इसमें आत्मनिर्भरता का संदेश भी शामिल था। परेड के दौरान पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं के एक समूह ने लेजिम लोक नृत्य पेश किया। इस प्रतियोगिता में जम्मू-कश्मीर को दूसरा और केरल को तीसरा स्थान मिला है।




### सीपीडब्ल्यूडी को भी मिलेगा पुरस्कार

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) को उनकी फूलों वाली झांकी के लिए विशेष पुरस्कार मिला है। इसके अलावा 'वंदे मातरम' डांस ग्रुप को भी पुरस्कृत किया गया है। इन सभी विजेताओं को 30 जनवरी को राष्ट्रीय रंगशाला कैंप में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया जाएगा।




**खबर संक्षेप**

## आर्यन को राहत, वानखेड़े की अर्जी हुई खारिज



नई दिल्ली। फिल्म स्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को बड़ी राहत देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े की मानहानि याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका आर्यन खान की नेटफ्लिक्स वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के खिलाफ दायर की गई थी। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि इस मामले की सुनवाई करने का उसके पास अधिकार क्षेत्र (ज्यूरिस्डिक्शन) नहीं है। हालांकि, अदालत ने समीर वानखेड़े को सक्षम अधिकार क्षेत्र वाली अदालत में जाने की सलाह दी है। कोर्ट ने कहा, 'यह अदालत इस वाद की सुनवाई करने का अधिकार नहीं रखती। इसलिए वादी को यह याचिका सक्षम अदालत में दायर करने के लिए लौटाई जाती है। यदि कोई आवेदन है, तो वह भी खारिज माना जाएगा।' साल 2021 में जब मुंबई में एक क्रूज पार्टी पर हुई ड्रग रेड के बाद आर्यन खान को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसेस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया था। उस वक्त समीर वानखेड़े उस समय नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जोनल डायरेक्टर थे। इस मामले में आर्यन खान को करीब 25 दिन तक मुंबई सेंट्रल जेल में रहना पड़ा। उन्हें चार बार जमानत देने से इनकार किया गया, लेकिन आखिरकार अक्टूबर 2021 में उन्हें जमानत मिल गई।

### डिप्टी सीएम बनाने के लिए पार्टी द्वारा सौंपा जाएगा प्रस्ताव

# सुनेत्रा को डिप्टी सीएम बनाने की तैयारी एनसीपी ने चुना अजित का उत्तराधिकारी

*एनसीपी में पार्टी के भविष्य के नेतृत्व और राजनीतिक रणनीति को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। महाराष्ट्र के दिवंगत डिप्टी सीएम अजित पवार की पार्टी ने उत्तराधिकारी के तौर उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार का नाम आगे किया है। एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और पार्टी के दिग्गज नेता छगन भुजबल के अनुसार बीजेपी को सुनेत्रा पवार को डिप्टी सीएम बनाने का प्रस्ताव सौंपा जाएगा।*

एजेंसी ▸▸| पुणे/मुंबई

सुनेत्रा पवार अभी राज्यसभा की सांसद है। अगर वह डिप्टी सीएम बनती हैं तो वह अजित पवार की बारामती सीट से लड़कर विधायक बन जाएंगी। एनसीपी के दोनों नेताओं ने सुनेत्रा पवार से मुलाकात में उन्हें डिप्टी सीएम बनने का आग्रह किया। यह जानकारी सूत्रों के हवाले से सामने आई है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के महाराष्ट्र विधानसभा में 41 विधायक हैं। इधर, एनसीपी के वरिष्ठ नेताओं प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, धनंजय मुंडे और सुनील तटकरे ने सुनेत्रा से मुलाकात भी की है। रिपोर्ट्स में बताया गया है कि अजित पवार के निधन से खाली हुई उनकी बारामती सीट से सुनेत्रा पवार चुनाव लड़ सकती हैं। उन्हें सरकार में डिप्टी सीएम का पद दिए जाने का प्रस्ताव भी लाए जाने की उम्मीद है। एनसीपी नेता इस प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए सीएम देवेंद्र फडणवीस से मिलने वाले हैं।

**शरद पवार गुट के साथ विलय पर भी है सस्पेंस!**



**बारामती सीट से चुनाव लड़ सकती हैं सुनेत्रा**



### पटेल करेंगे पार्टी का नेतृत्व

*सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल इस दौरान एनसीपी का नेतृत्व कर सकते हैं। एनसीपी (शरद पवार गुट) के साथ विलय की संभावना पर भी चर्चा है। सूत्रों के अनुसार, अजित पवार नगर निगम चुनाव के समय से ही विलय को लेकर एनसीपी (एसपी) के साथ चर्चा कर रहे थे।*

### उम्र में दूसरे नंबर पर हैं सुनेत्रा

पवार फैमिली से राजनीति में आधा दर्जन लोग सीधे तौर पर सक्रिय हैं। इनमें शरद पवार जहां सबसे बड़े हैं, तो वहीं सुनेत्रा पवार इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं। वह बारामती में सुप्रिया सुले के सामने चुनाव लड़ चुकी हैं, हालांकि तब वह हार गई थीं, लेकिन इसके बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने उन्हें राज्यसभा का सदस्य बना दिया था। अब अजित पवार के एकाएक नहीं रहने के बाद उनके परिवार में वह सबसे बड़ी है। इतना ही नहीं वह सुप्रिया सुले से भी उम्र में बड़ी हैं। सुनेत्रा पवार 28 जून, 2024 को राज्यसभा के चुनी गई थी। ऐसे में वह 19 महीने से केंद्र की राजनीति में सक्रिय हैं। वह संसद की कई कमेटियों की सदस्य भी हैं। जब वे राज्यसभा के लिए चुनी गई थीं तब उनके केंद्र में मंत्री बनने की संभावना जताई गई थी।

### कितनी पढ़ी-लिखी हैं सुनेत्रा

सुनेत्रा पवार स्नातक हैं। उन्होंने औरंगाबाद के डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय से बी कॉम की पढ़ाई की है। उन्होंने यहां से अपनी पढ़ाई 1983 में पूरी की थी। इसके बाद वह 1985 में अजित पवार के साथ विवाह बंधन में बंधी थीं। इसके अलावा वह विद्या प्रतिष्ठान की ट्रस्टी भी हैं। इतना ही नहीं वह 2017 से सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय से बतौर सीनेट सदस्य जुड़ी हैं। उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला भी नहीं है। सुनेत्रा पवार पूर्व राज्य मंत्री और लोकसभा सांसद पद्मसिंह पाटिल की बेटी हैं। सुनेत्रा का जन्म उस्मानाबाद (अब धाराशिव) में 18 अक्टूबर, 1963 को हुआ था। वह राजनेता होने के साथ सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। वह बारामती टेक्सटाइल कंपनी की अध्यक्ष और एनवायरनमेंटल फोरम ऑफ इंडिया की सीईओ हैं। उनके दो बेटे हैं। इनके नाम पार्थ पवार और जय पवार हैं।

# सोनम वांगचुक की मेडिकल जांच के आदेश पर 'सुप्रीम' सख्ती

**क्या हिरासत में स्वास्थ्य की अनदेखी हो रही?**





एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत के दौरान स्वास्थ्य को लेकर उठे सवालों पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने वांगचुक की शिकायतों को गंभीर मानते हुए विशेषज्ञ डॉक्टर से उनकी मेडिकल जांच कराने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट का यह आदेश ऐसे समय आया है, जब वांगचुक राजस्थान की जोधपुर सेंट्रल जेल में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत बंद हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि 59 वर्षीय सोनम वांगचुक की जांच किसी विशेषज्ञ डॉक्टर, खासकर गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट से कराई जाए। वांगचुक ने दूषित पानी के कारण पेट से जुड़ी गंभीर समस्याओं की शिकायत की थी। अदालत ने जेल प्रशासन को निर्देश दिया है कि जांच के बाद पूरी मेडिकल रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में सोमवार तक कोर्ट में पेश की जाए।

### पेट की बीमारी और दूषित पानी की शिकायत

सुनवाई के दौरान वांगचुक की पत्नी गितांजलि अंग्मो की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया कि वांगचुक लंबे समय से पेट की तकलीफ से जूझ रहे हैं। उनका आरोप है कि जेल में इस्तेमाल हो रहा पानी उनकी सेहत बिगाड़ रहा है और बार-बार मांग करने के बावजूद विशेषज्ञ डॉक्टर की जांच नहीं कराई गई। सिब्बल ने यह भी मांग की कि वांगचुक को नियमित साप्ताहिक जांच और सुरक्षित पानी की सुविधा दी जाए।

### यह है मामला

सोनम वांगचुक को 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लिया गया था। यह कार्रवाई लद्दाख में छठी अनुसूची की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद की गई थी, जिनमें चार लोगों की मौत और करीब 90 लोग घायल हुए थे। सरकार का आरोप है कि वांगचुक ने हिंसा को भड़काया। एनएसए के तहत किसी व्यक्ति को अधिकतम 12 महीने तक हिरासत में रखा जा सकता है, हालांकि इसे पहले भी रद्द किया जा सकता है।


# बांग्लादेश धोखाधड़ी की फैक्ट्री बन चुका

एजेंसी ▸▸| ढाका



टबांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मुहम्मद यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश 'धोखाधड़ी की फैक्ट्री' बन गया है। बांग्ला अखबार ट्रिब्यून एक्सप्रेस के मुताबिक युनूस ने कहा कि बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय साख को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा, देश में बड़े पैमाने पर फर्जी दस्तावेज बनाए जा रहे हैं। कई देश हमारे पासपोर्ट स्वीकार नहीं करते। यहां सब कुछ नकली है। वीजा नकली हैं, पासपोर्ट नकली हैं। हम फर्जीवाड़े में वर्ल्ड चैंपियन बन चुके हैं।' उन्होंने कहा कि विदेशों में बांग्लादेशियों के वीजा खारिज होने की एक बड़ी वजह फर्जी कागजात हैं, जिनमें नकली शैक्षणिक प्रमाण पत्र भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने खुद ऐसे मामले देखे हैं, जहां लोग जाली दस्तावेजों के आधार पर वीजा के लिए आवेदन करते हैं। एक उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि एक महिला ने डॉक्टर बनकर वीजा के लिए आवेदन किया था, लेकिन उसके सभी दस्तावेज पूरी तरह फर्जी निकले। यूनुस ने कहा कि इसी तरह की धोखाधड़ी की वजह से कुछ देशों ने बांग्लादेश के नागरिकों को, यहां तक कि समुद्री जहाजों पर काम करने वाले नाविकों को भी, अपने यहां प्रवेश देने से मना कर दिया है। उन्होंने कहा कि इन फर्जीवाड़े में बहुत ज्यादा दिमाग और क्रिएटिविटी का इस्तेमाल होता है लेकिन यह सब गलत मकसद के लिए होता है। उन्होंने चेतावनी दी कि तकनीक का इस्तेमाल धोखा देने के लिए नहीं होना चाहिए। युनूस ने कहा कि अगर बांग्लादेश को तकनीकी रूप से आगे बढ़ना है, तो उसे ईमानदारी को तरजीह देनी होगी। तभी बांग्लादेशी दुनिया में सम्मान के साथ सिर ऊंचा करके चल पाएंगे।

## चांदी से लकदक मनाली...



मनाली। हिमाचल प्रदेश में हुई ताजी बर्फबारी के बाद अब पहाड़ों पर बर्फ की सफेद चादर बिछी हुई है। जहां मनाली ने 3 फीट तक बर्फ की मोटी चादर बिछी है। वहीं निचले इलाकों में भी 2 इंच तक बर्फ देखने को मिल रही है। मनाली की उझी घाटी ताजा बर्फबारी के बाद हर तरफ चांदी से लकदक हो गई है।

**अमेरिका में बैठाई गई जांच**

# भारतवंशी अधिकारी ने किए सीक्रेट डॉक्यूमेंट अपलोड



**वाशिंगटन।** अमेरिका की साइबर सुरक्षा एजेंसी सीआईएसए के भारतीय मूल के एक्टिंग डायरेक्टर डॉ. माधु गोट्टुमुक्कला ने संवेदनशील सरकारी दस्तावेजों को पब्लिक वर्जन के चैटजीपीटी में अपलोड कर दिया। पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, माधु गोट्टुमुक्कला ने पिछले साल काम के सिलसिले में कॉन्ट्रैक्टिंग और साइबर सुरक्षा से जुड़े कुछ आंतरिक दस्तावेज चैटजीपीटी में डाले, जो सिर्फ आधिकारिक इस्तेमाल के लिए थे। ये दस्तावेज क्लासिफाइड नहीं थे, लेकिन इन्हें सार्वजनिक करने से रोका गया था। इस अपलोड से ऑटोमेटेड सिक्योरिटी अलर्ट बजे और होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट में आंतरिक जांच शुरू हुई। जांच का नतीजा अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। डॉ. माधु गोट्टुमुक्कला सीआईएसए के एक्टिंग डायरेक्टर और डिप्टी डायरेक्टर हैं। जो अमेरिकी सरकार के फेडरल नेटवर्क्स को रूस और चीन जैसे देशों से जुड़े उन्नत साइबर खतरों से बचाने की जिम्मेदारी संभालते हैं।

**शंकराचार्य ने काशी में कसा तंज**

# 'भाजपा की सरकार से न्याय की आशा नहीं'

एजेंसी ▸▸| वाराणसी

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने काशी पहुंचकर गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरे देश में लोगों ने वीडियो में देखा कि बटुकों को उनकी चोटी पकड़कर उन्हें अपमानित किया जा रहा है। अपनी गलती को गलती न मानना और अपने अपराध को न स्वीकार करना ये उन पर निर्भर करता है। जो अपराध किया वो सबके सामने आ ही गया है। अपने लोगों ने तो संयम से 11 दिन प्रयागराज में रहकर उनको मौका दिया कि आपसे जो अपराध हुआ है चाहे तो आप सुधार सकते हैं, लेकिन उन्होंने नहीं सुधारा। इसके बाद काशी वापस लौट गए हैं। इस पार्टी की सरकार में न्याय की कोई आशा न करे यही संदेश मिला है। बता दें कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद बुधवार की रात करीब साढ़े नौ बजे केदार घाट स्थित श्रीविद्या मठ पहुंच गए।



**यह था विवाद**

बता दें कि मौनी अमावस्या के अवसर पर शंकराचार्य और प्रशासन के बीच संगम में ससम्मान स्नान कराने को लेकर विवाद हुआ था। प्रशासन के लोगों ने बटुकों के साथ बाल खींचकर मारपीट की थी। इसके बाद प्रशासन के रवैये से नाराज शंकराचार्य वहीं धरने पर बैठ गए थे। उनका साफ कहना था कि जब तक प्रशासन अपनी भूल स्वीकार कर उन्हें ससम्मान संगम नहीं ले जाता वह नहीं हटेंगे। 11 दिनों के इंतजार के बाद प्रशासन के न झुकने पर उन्होंने बिना स्नान किए वापस लौटने का ऐलान कर दिया।

### यूजीसी के नए नियमों का किया विरोध

यूजीसी के नए नियमों पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि सनातन धर्म में जातियां हैं, जातियां इसलिए नहीं हैं कि एक दूसरे से लड़ें, ये इसलिए है कि सभी लोगों की आजीविका सुरक्षित रहे। ये पुराने लोगों की बनाई गई परंपरा है। अब यूजीसी के सहारे इन लोगों ने एक जाति को दूसरे जाति के सामने लाकर खड़ा कर दिया है। इससे आपस में लड़कर उनको मरना ही मरना है। पूरे सनातन धर्म को समाप्त करने के लिए एक मशीन ले आए हैं।

## कोलंबिया में विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त, 15 की मौत

एजेंसी ▸▸| कुकुटा

नॉर्थ कोलंबिया के नॉर्ट डी सेंटेंडर प्रांत के एक ग्रामीण इलाके में बुधवार को एक छोटा प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्लेन में सवार सभी 15 लोगों की मौत हो गई। सरकारी एयरलाइन कंपनी सतेना इस फ्लाइट का संचालन करती थी। कंपनी ने कहा कि घटनास्थल पर एक बचाव दल भेजा गया। विमान एचके 4709 स्थानीय समय के अनुसार सुबह 11:42 बजे राजधानी कुकुटा के हवाई अड्डे से ओकाना के लिए रवाना हुआ था। ओकाना पहाड़ों से घिरा हुआ है। यह उड़ान आमतौर पर लगभग 40 मिनट की होती है। सतेना के बयान के अनुसार, विमान का एयर ट्रैफिक कंट्रोल से आखिरी संपर्क उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद हुआ। एयरलाइन ने कहा कि छोटे विमान में दो चालक दल के सदस्य और 13 यात्री सवार थे।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANS. CO. LTD.**
O/o Chief Engineer (Store & Purchase) 3rd floor, SLDC Building, Danganiya Raipur(C.G.)
No.02-16/SE(S&P)/TR-25/S&P/50/1509 Raipur, Dtd.28.01.2026
**E - PROCUREMENT TENDER NOTICE**
Sealed tenders are invited for supply of following material:

| Tender No. | Particulars | Qty | Cost of tender doc. (Rs.) including 18%GST | EMD (Rs.) | Due date of Submission |
|---|---|---|---|---|---|
| TR-25/S&P/50 RFx No. 8100049171 | MS Section | 239 MT | 5,000/- | 1,64,500/- | 06.02.2026 15.00 Hrs. |

For quantity & all other details of NIT and terms & conditions, please visit our website 'www.cspc.co.in,
SAVE ELECTRICITY
Chief Engineer (S&P) CSPTCL : Raipur

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा सूचना**
क्र. 49/न.पा.नि./जोन क्र. 3/2025-26 दिनांक 28/01/2026
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 12.02.2026 को सायंकाल 5:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा क्रमांक/ सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 184497 | वार्ड क्रमांक 16 कुदुदण्ड में स्थित सामुदायिक भवन में बोर खनन एवं निर्माण कार्य। | 10.00 | 12 / 02 / 2026 |
| 184498 | वार्ड क्रमांक 19 जतिया तालाब के पास सामुदायिक भवन के अधुरा कार्य को पूर्ण करने का कार्य। | 10.00 | 12 / 02 / 2026 |

उपरोक्त प्रदाय कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
कार्यपालन अभियंता, जोन क्र.3 न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)
Green City, Clean City, Dream City.

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) AU & PC, CSPGCL,**
Shed No. 2, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website :www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com
No. 03-15/W/1575 Raipur, date: 27.01.2026
**E-TENDER NOTICE**
Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned below and having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only for the following work :-

| Sl. No. | Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CEC/AU&PC /ABVTPS-MRW/ W/ 2025/118 | Annual watch & ward, monitoring/ patrolling of ash dyke area including misc civil works/structures of ash dyke of 2x500 MW ABVTPS, CSPGCL, Marwa. | 19.28 Lacs | 19,300/- | 12 Months | 8100048994 |

Cost of tender form is Rs. 590/- (Rs.500/- + 18% GST). The due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 10.02.2026 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 12.02.2026 (up to 16:00) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/irj /portal.
Note:- (i) In case, the rate quoted by the bidder is on abnormally lower side, a performance guarantee @5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the bidder.(ii)Maintenance period for the work shall be Nil.
Chief Engineer (Civil) AU & PC, CSPGCL, Raipur
//Save Electricity//

वनस्पति जगत / शिखर चंद जैन

# अजब-अनोखे मनभावन फूल



रंग-बिरंगे मनमोहक फूल किसे नहीं भाते! इन फूलों की अगर अपनी कोई ऐसी खूबी हो, जो बहुत अनोखी हो तो इनका आकर्षण और बढ़ जाता है। जानो, ऐसे ही कुछ अजब-अनोखे फूलों के बारे में कि ये किस कारण अनोखे हैं और ये कहां पाए जाते हैं?

बच्चो, फूल अपनी खूबसूरती और सुगंध के लिए तो जाने जाते ही हैं, इसके अतिरिक्त दुनिया में कई ऐसे फूल हैं, जो बहुत अजब-गजब हैं, जो भी इन्हें देखता है, आश्चर्यचकित रह जाता है। यहां हम बता रहे हैं, ऐसे ही कुछ अनोखे फूलों के बारे में।

**मंकी ऑर्किड:** नाम के मुताबिक ही इसकी पंखुड़ियों की बनावट बिल्कुल बंदर के चेहरे जैसी होती है। यह फूल मुख्य रूप से दक्षिण अमेरिका के देश इक्वेडोर और पेरू के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में पाया जाता है। इस फूल में से पके हुए संतरे जैसी खुशबू आती है।



**ब्लीडिंग हार्ट:** यह फूल गहरे गुलाबी और सफेद रंग का होता है। इसका आकार दिल जैसा होता है, जिसके नीचे से एक बूंद टपकती हुई दिखाई देती है। यह ब्लीडिंग हार्ट जैसा ही दिखता है। यह फूल साइबेरिया, चीन और जापान में पाया जाता है।

**हुकर्स लिप:** यह फूल किसी महिला के होंठों पर लगी लिपस्टिक जैसा दिखता है। मध्य और दक्षिण अमेरिका के वर्षा वनों में पाया जाने वाला यह पौधा, फूलो जैसे दिखने वाले अपने चटक लाल रंग के ब्रैक्ट्स (पत्तियों का एक रूप) के लिए मशहूर है।











**स्वैडल्ड बेबीज ऑर्किड:** इस मोहक फूल की बनावट ऐसी होती है जैसे कपड़े में लिपटा हुआ कोई नन्हा बच्चा सो रहा हो। यह फूल मूल रूप से कोलंबियाई देश के एंडीज पर्वत श्रंखला के वनों में पाया जाता है।

**नेकेड मैन ऑर्किड:** भूमध्यसागरीय क्षेत्र में पाया जाने वाला यह फूल अपनी विचित्र आकृति के लिए प्रसिद्ध है। इसके छोटे-छोटे फूल बिना कपड़ों वाले इंसान की आकृति जैसे दिखते हैं।

**फ्लाइंग डक ऑर्किड:** ऑस्ट्रेलिया में पाया जाने वाला यह छोटा-सा ऑर्किड उड़ते हुए बत्तख जैसा दिखता है। यह आकार असल में कीड़ों को परागण के लिए आकर्षित करने के लिए होता है।

**डांसिंग गर्ल्स:** पूर्वी अफ्रीका के वर्षा वनों में पाए जाने वाले ये दुर्लभ फूल, सफेद या हल्के गुलाबी रंग के होते हैं। इनकी बनावट ऐसी होती है, जैसे कोई लड़की डांस कर रही हो।

**पैरट फ्लावर:** थाईलैंड और म्यांमार में पाया जाने वाला यह फूल एक उड़ते हुए तोते जैसा दिखता है। इसे दुर्लभ श्रेणी में रखा गया है। इस फूल का देश से बाहर निर्यात प्रतिबंधित है।

**बर्ड ऑफ पैराडाइज:** यह फूल उड़ते हुए रंग-बिरंगे पक्षी जैसा दिखता है। इसके चटक नारंगी और नीले रंग इसे बेहद मनमोहक बनाते हैं। *

## खास समय में खिलने वाले फूल

**बच्चो,** कुछ फूल ऐसे होते हैं, जो किसी खास समय में ही खिलते हैं। इन फूलों में भी कई विशेषताएं पाई जाती हैं।

**मॉर्निंग ग्लोरी:** यह एक खूबसूरत बेल वाला पौधा है, जो अपने तुरही के आकार के फूलों के लिए जाना जाता है। ये फूल सुबह सूरज उगने पर खिलते हैं। ये बैंगनी, नीले, गुलाबी, लाल और सफेद रंगों के होते हैं।



**चांदनी रात में खिलने वाले फूल:** कुछ फूल, जैसे 'मून फ्लावर' दिन में बंद रहते हैं और रात में चांद की रोशनी में खिलते हैं, जो रात के समय एक अनोखा नजारा पेश करते हैं। रात में खिलने वाले ये फूल न केवल सुंदर होते हैं, बल्कि उनकी खुशबू भी बहुत मनमोहक होती है।

**रात की रानी:** नाइट ब्लूमिंग जैस्मिन यानी रात की रानी अपने छोटे सफेद फूलों और भीनी-भीनी खुशबू के लिए प्रसिद्ध है। इसे पारिजात या हरसिंगार के नाम से भी जाना जाता है। इसके सफेद फूल और नारंगी डंठल होते हैं। यह रात में खिलता है और सुबह होने पर खुद-ब-खुद जमीन पर गिर जाता है।



**रजनीगंधा:** इसके लंबे डंठल पर सफेद फूल खिलते हैं, जिनकी खुशबू रात में और भी बढ़ जाती है।

**फोर ओ क्लॉक फ्लावर:** यह फूल अकसर शाम को 4 बजे खिलते हैं और रात भर खिले रहते हैं। इसे गुल अब्बास का पौधा या मीराबिलिस जालपा कहा जाता है। इसे कृष्णाकली, संध्याकली, संजमल्लिगे, अंधीमल्लिगाई और लंकाफूल भी कहा जाता है।

**ईवनिंग प्रिमरोज:** इसके पीले फूल शाम के समय खिलते हैं और अपनी मीठी महक बिखेरते हैं।

**ब्रह्म कमल:** इस फूल को 'हिमालय का सम्राट' कहा जाता है। यह साल में केवल एक बार रात में खिलता है और सुबह होते ही बंद हो जाता है।



# सफेद-घने फर वाला पोलर बियर

पोलर बियर यानी ध्रुवीय भालू, एक बेहद क्यूट-सा दिखने वाला जंतु है। लेकिन यह जितना क्यूट दिखता है, उतना ही खतरनाक भी है। जानो, आर्कटिक क्षेत्र में पाए जाने वाले पोलर बियर के बारे में कुछ और बातें।

जंतु जगत
रेखा शाह आरबी

बच्चो, कोई भी जब पोलर बियर को देखेगा तो इसकी सुंदरता और क्यूटनेस देखकर मोहित हो जाएगा। देखने में इतना मासूम लगता है कि आभास ही नहीं होता कि यह एनिमल एक खतरनाक शिकारी भी है। पोलर बियर, आर्कटिक क्षेत्र का सबसे बड़ा मांसाहारी शिकारी जंतु कहा जाता है।

**शारीरिक विशेषताएं:** पोलर बियर का फर सफेद रंग का होता है। लेकिन उसकी स्किन काली होती है। बहुत घने फर के कारण यह पूरा सफेद दिखाई देता है। इसका वजन 300 से 700 किलोग्राम तक हो सकता है। लंबाई की बात करें, तो एक वयस्क पोलर बियर की लंबाई 8 से 10 फीट तक होती है। इसका खूबसूरत फर वास्तव में पारदर्शी और खोखला होता है। जिससे धूप की रोशनी नीचे काली त्वचा तक पहुंचती है, जो गर्मी सोख लेती है। फर की मोटी परत और त्वचा के नीचे फैट (वसा) की मोटी परत इसे ठंड से बचाती है। पोलर बियर के पैर बड़े, चौड़े और खुरदुरे होते हैं, जो इसे बर्फ पर चलने में सहायक होते हैं, फिसलने से बचाते भी हैं। पोलर बियर एक बेहतरीन तैराक भी होता है।



**आवास व आहार:** आर्कटिक महासागर और उसके आस-पास के समुद्री बर्फ वाले क्षेत्र, पोलर बियर के मुख्य निवास स्थान हैं। कनाडा, ग्रीनलैंड, अलास्का (अमेरिका), स्वालबार्ड (नॉर्वे) जैसी बर्फीली जगहों पर यह मुख्य रूप से पाया जाता है, क्योंकि इसका भोजन वहीं पर मिलता है। यह सील का शिकार करता है। आहार में मुख्य रूप से यह सील ही खाता है। हालांकि यह अन्य स्तनधारी जंतुओं का भी शिकार करता है।

**माहिर शिकारी:** पोलर बियर एक माहिर शिकारी होता है। यह घात लगाकर शिकार करता है। दरअसल, बर्फ के नीचे रहने वाली सील सांस लेने के लिए बर्फ में छेद बनाकर रहती है। वहीं पर यह घात लगाकर बैठा रहता है। सील सांस लेने के लिए जैसे ही बाहर आती है, यह उसका शिकार कर लेता है। *

## जरूरी है पोलर बियर का संरक्षण

**आर्कटिक** पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए पोलर बियर बहुत ही जरूरी प्राणी है। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण पोलर बियर विलुप्तप्राय हो रहे हैं। आईयूसीएन ने पोलर बियर के लिए ग्लोबल वार्मिंग को सबसे बड़े खतरे के रूप में सूचीबद्ध किया है, क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से आर्कटिक की बर्फ तेजी से पिघल रही है, इसलिए पोलर बियर के आवास और शिकार (सील) नष्ट हो रहे हैं। इसकी आबादी घट रही है और यह इंसानी बस्तियों के करीब आ रहा है। इस कारण पोलर बियर और इंसानों के बीच संघर्ष बढ़ रहा है। प्रकृति और जलवायु संतुलन के लिए पोलर बियर का संरक्षण बहुत जरूरी है।

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# मजेदार किस्सों का पिटारा

बच्चो, जब तुम जाने-माने लेखक स्वयं प्रकाश की लिखी किताब 'सप्पू के दोस्त' पढ़ोगे तो कभी तुम्हें लगेगा कि सप्पू तो खुद लेखक है, फिर दूसरे ही क्षण लगेगा कि सप्पू तुम स्वयं हो या फिर लगेगा सप्पू तुम्हारा दोस्त है। इस किताब में तुम्हें सप्पू के 11 किस्से पढ़ने को मिलेंगे। हर किस्से में तुम सप्पू के साथ जगह-जगह का मजा लोगे। कभी रेल के डिब्बे में होगे, कभी स्कूल के मैदान में तो कभी रास्ते में किसी मजमे वाले के पास रुककर तमाशा देखोगे। कुछ किस्सों के तो शीर्षक भी एक-एक शब्द के हैं, जैसे- 'इम्मी', 'सबक', 'अमरूद', 'कुली', 'गणेशीलाल'। मजे की बात यह है इन किस्सों में स्वयं सप्पू हीरो नहीं है। हीरो कभी कुली है तो कभी गणेशीलाल या कोई और। बहुत ही निराली है सप्पू की बचपन की दुनिया। बच्चो, एक बार किताब को हाथ में लोगे तो पूरी किताब पढ़कर ही तुम्हें चैन मिलेगा। फिर तुम इस किताब को दोस्तों को भी पढ़ाओगे, ताकि तुम सप्पू के किस्सों पर चर्चा कर सको। किताब के चित्र भी सप्पू के किस्सों की तरह बहुत मजेदार हैं, हंसाते हैं, गुदगुदाते हैं। *



**किताब:** सप्पू के दोस्त (बाल कहानी संग्रह), **लेखक:** स्वयं प्रकाश
**मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** जुगनू प्रकाशन, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले

**रिंकी:** आंखों के भाई को हम किस नाम से बुलाते हैं?
**पिंकी:** पता नहीं, तुम्हीं बता दो।
**रिंकी:** आई-ब्रो।
-हर्षिता, रायपुर



**डॉक्टर:** मिक्की, इस दवाई को दिन में चार चम्मच लेना।
**मिक्की:** फिर तो डॉक्टर अंकल, मैं यह दवा नहीं पी पाऊंगी।
**डॉक्टर:** वो क्यों?
**मिक्की:** मेरे घर में तो सिर्फ दो चम्मच ही हैं।
-कविता, दुर्ग

**पापा:** आज मैथ्स टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू:** मोनू से बीस नंबर कम।
**पापा:** अच्छा! मोनू के कितने नंबर आए हैं?
**सोनू:** बीस नंबर। -अमन, बिलासपुर

## जीके क्विज-190

1. हाल ही में किस भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी ने संन्यास की घोषणा की है?
2. भारत के 92वें ग्रैंड मास्टर बनने वाले शतरंज खिलाड़ी कौन हैं?
3. भारत के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
4. दिल्ली के लाल किले का निर्माण किसने करवाया था?
5. हाल में ही वायु सेना के किस अफसर को अशोक चक्र से सम्मानित किया गया?
6. पूर्व न्यायाधीश के टी थॉमस को हाल ही में किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
7. विटामिन ई का रासायनिक नाम क्या है?
8. कौन-सा विटामिन बोंस को मजबूत बनाने में सहायक होता है?
9. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
10. माउंट एवरेस्ट के शिखर तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थीं?



**बच्चो, जीके क्विज-190 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-189 का उत्तर :** 1.उर्सुला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा, 2. 77वां, 3.सुभाष चंद्र बोस, 4.15 जनवरी, 5.गुजरात, 6.1950 ई., 7. बी.आर. अंबेडकर, 8.6 (छह), 9.डॉ. राजेंद्र प्रसाद, 10.बंकिम चंद्र चटर्जी


**जीके क्विज-189 का सही उत्तर देने वाले :** भूमेश-महासमुंद, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, रमेश-बैकुंठपुर, तान्या-दुर्ग, कोमल-हिसार, संचित-रायपुर, अमन-बिलासपुर, सौम्या-बलौदा बाजार, कल्पेश-मटियारी, पवन-दुर्ग



कहानी
गोविंद शर्मा

क्या कोई बंदर पढ़ाई में मन ना लगाने वाले किसी बच्चे को ऐसा सुधार सकता है कि वह बच्चा पढ़ाकू बन जाए? ऐसी अनहोनी दादा जी के साथ उनके बचपन में हुई थी। दादा जी को एक बंदर ने कैसे सुधारा? पढ़ो, एक मजेदार कहानी।

# बंदर जी ने सुधारा!



एक दिन बच्चों ने दादा जी को घेर लिया। बच्चे अकसर ही दादा जी का घेराव अच्छी-अच्छी, प्यारी-प्यारी बातें करने लिए करते रहते हैं। एक बच्चे ने पूछा, 'दादा जी, आप कितनी ही भाषाएं हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी, संस्कृत पढ़ना-लिखना जानते हैं! आप तो कहते हैं कि सिर्फ स्कूल में पढ़े हैं। कभी कॉलेज में पढ़ने नहीं गए। आपको ज्यादा से ज्यादा पढ़ना किसने सिखाया?

'एक बंदर जी ने।' दादा जी तुरंत बोले।

बच्चे चौंके, 'बंदर ने! दादा जी, यह क्या कह रहे हैं? आप अपने अध्यापक जी को बंदर जी कह रहे हैं?'

'नहीं-नहीं, मैं तो एक बंदर जी को अध्यापक जी कह रहा हूं।' यह कहकर दादा जी मुस्कुराए।

'आप कह क्या रहे हैं दादा जी? बंदरों को तो मदारी लोग यानी आदमी सिखाते हैं। आप किसी बंदर से कैसे सीखे?' बच्चे दादा जी की बात समझ नहीं पा रहे थे।

'सच कहूं या झूठ?' दादा जी हंसते हुए बोले।

'दादा जी, आप क्या झूठ बोलना भी जानते हैं? हमें तो सदा ही सच बोलना सिखाते हैं।' बच्चे बोले।

दादा जी गंभीर हो गए, बोले, 'चलो, मैं अपनी एक सच्ची कहानी सुनाता हूं। जब मैं स्कूल में था, मेरी रुचि पढ़ने में बहुत कम थी। घर के लोग और स्कूल के कुछ अध्यापक इस कोशिश में रहते थे कि पढ़ने में और स्कूल में टिके रहने में मेरी रुचि बढ़े।'

'यह स्कूल में 'टिके रहना' क्या होता है?' बीच में एक बच्चा बोला।

'टिके रहना भी होता है। मुझे जब भी मौका मिलता, क्लास छोड़कर स्कूल से भाग जाता। इधर-उधर घूमता और छुट्टी होने के समय घर आ जाता।' दादा जी ने बताया।

'क्या आप स्कूल बैग के साथ स्कूल से बाहर आ जाते थे?' एक बच्चे ने सवाल किया।

'अरे नहीं, स्कूल बैग क्लास में छोड़ आता था। छुट्टी होने पर कोई दोस्त वह बैग बाहर लाकर मुझे दे देता। हम स्कूल बैग को बस्ता कहते थे। मेरी तरह स्कूल के कुछ और बच्चे भी ऐसा करते थे। हम स्कूल के मुख्य द्वार से बाहर नहीं जाते थे। क्योंकि ऐसा करने पर हेड मास्टर जी या कोई और मास्टर जी देख सकते थे। इसलिए हम स्कूल की पिछली दीवार लांघकर बाहर जाते थे यानी बंक मारते थे।' दादा जी एक पल रुके, फिर आगे बोले, 'एक दिन गजब हो गया। जैसे ही मैं दीवार से दूसरी तरफ कूद कर खड़ा हुआ, एक बंदर पता नहीं कहां से आ गया। उस समय हमारे स्कूल के आस-पास बंदर नहीं होते थे। मैं उस बंदर को देखता रहा और वह मुझे देखता रहा। मैं जाने लगा तो वह 'खों खों' करता मेरी तरफ बढ़ा। मैं डर गया। मैं कभी इधर तो कभी उधर भागने लगा। बंदर ने मेरा पीछा नहीं छोड़ा। मैं किसी तरह वापस दीवार पर चढ़कर स्कूल की बाउंड्री में कूद गया। कुछ और बच्चों को भी उस बंदर ने स्कूल से यूं भागने से रोका। मैंने एक-दो दिन बाद फिर कोशिश की। पर हर बार वह बंदर मुझे तैयार मिलता। स्कूल से मुझे भागने नहीं देता। उसके डर से मैं स्कूल के समय में स्कूल में ही रहने लगा। अपनी कक्षा में बैठने लगा। पढ़ाई में रुचि लेने लगा। मुझे पढ़ने में भी मजा आने लगा। एक दिन तो गजब हो गया। मुझे अपने गणित के अध्यापक जी के मुंह से थैंक यू सुनने को मिला। अध्यापक जी बोले, 'पहले मुझे लगता था कि तुम इस कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम खराब कर दोगे। लेकिन अब लगता है, तुम्हारी गणित में रुचि लेने से परिणाम ज्यादा अच्छा रहेगा, थैंक यू!' बच्चो, शायद तुम समझ गए होगे कि उस समय मुझे कितनी ज्यादा खुशी हुई होगी, क्योंकि अध्यापक जी से थैंक यू कभी-कभी ही मिलता है। मैं तुम लोगों से यही कहना चाहूंगा कि किसी भी जानवर को कभी कम नहीं समझना चाहिए।'

'बिल्कुल दादा जी, हम यह समझ गए कि आप किसी अध्यापक को बंदर जी नहीं कह रहे हैं बल्कि बंदर को ही बंदर जी कह रहे हैं। कहना भी चाहिए, क्योंकि आपको और आप जैसे दूसरे बच्चों को सुधारने में जहां अध्यापक जी सफल नहीं हुए, वहां एक बंदर जी सफल हो गए। लेकिन हम तो आपसे ही बहुत कुछ सीख रहे हैं, इसलिए आपको ही कहेंगे थैंक यू!'

इसके बाद तो कुछ देर तक बच्चे हंसते रहे। *

कविता
राम नरेश 'उज्ज्वल'



## बिना पंख उड़ता है मन

बहुत तेज चलता है मन।
मनचाहा करता है मन।।
गहरी नदियों में जाता,
हीरे-मोती ले आता,
ऊंचे-ऊंचे शिखरों पर
बिन पैरों चढ़ता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।
उड़न खटोला ले आता,
दूर देश तक ले जाता,
स्वर्गलोक की परियों से
पल भर में मिलता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।
रॉकेट जैसा खूब उड़े,
सूर्य चंद्र से बात करे,
नील गगन में सन-सन-सन
बिना पंख उड़ता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।
किले हवाई बड़े-बड़े,
पल में जीते बिना लड़े,
महल खयाली कितने ही
क्षण भर में रचता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।
सागर में गोता खाता,
पनडुब्बी-सा बन जाता,
खतरनाक शेरों को भी
काबू में करता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां एक एंग्री बर्ड के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें तीन मिनट में ये पांच अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी पांच अंतर खोजो।





## सही रास्ता खोजो

बच्चो, इस चित्र में दिख रहे मंकी को स्टार ट्रॉफी चाहिए। लेकिन स्टार जिस जगह रखा हुआ है, वहां तक पहुंचने का रास्ता टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम मंकी को स्टार तक पहुंचने का रास्ता तो बताओ जरा।



# आईटीसी के लाभ में मामूली बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** विविध क्षेत्रों में कार्यरत प्रमुख कंपनी आईटीसी लिमिटेड का दिसंबर 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ मामूली रूप से बढ़कर 5,018 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसने 5,013 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। तीसरी तिमाही के दौरान कंपनी का परिचालन राजस्व बढ़कर 21,707 करोड़ रुपये हो गया।

## HIGH COURT OF CHHATTISGARH, BILASPUR

**Tender Notice**

No. 1987 /CPC/2026 Bilaspur, dated 28/01/2026

The High Court of Chhattisgarh, Bilaspur invites sealed bids from eligible bidders for the Supply/ Testing/ Installation and Maintenance of LAN articles for use in the High Court of Chhattisgarh, Bilaspur.

Interested Parties may view and download the detailed Tender (terms and conditions and Technical Specification) of aforementioned articles on the website viz. https://highcourt.cg.gov.in

I) - Documents Download start Date: 28/01/26

II) Last Date of Submission of Physical documents: 9/2/26 (till 04:30 PM)

**Rajnish Shrivastava**
**Registrar General**
**High Court of Chhattisgarh,**
**Bilaspur (C.G.)**

G.- 252606350/2

## राज्य बाल संरक्षण समिति,
**छत्तीसगढ़ संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़**
**इन्द्रावती भवन, ब्लॉक 01, तृतीय तल, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)**
**दूरभाष क्रमांक 0771-2234192, 2234188 (Fax)**
**email: dirwcd@nic.in**

क्रमांक /I/265326/1070/मबावि/एससीपीएस/2025-26
रायपुर, दिनांक 27/01/2026

**विज्ञापन**

मिशन वात्सल्य के अंतर्गत चाईल्ड हेल्पलाईन के तहत राज्य स्तरीय पदों पर कर्मचारियों की संविदा भर्ती के संबंध में विज्ञापन भारत शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित मिशन वात्सल्य योजना के तहत एवं चाईल्ड हेल्पलाईन संचालन हेतु जारी मानक संचालन प्रक्रिया अनुसार राज्य स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्ष में विभिन्न पदों पर एकमुश्त संविदा वेतन पर भर्ती के लिये पात्र आवेदकों से आवेदन पंजीकृत डाक /स्पीडपोस्ट / कोरियर के माध्यम से दिनांक 13/02/2026 सायं 5 :00 बजे तक आमंत्रित हैं।

राज्य स्तरीय पदों हेतु आवेदन संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, इंद्रावती भवन, ब्लाक-01 द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) को प्रेषित करना होगा। आवेदन हेतु विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर एवं वेबसाईट www.cgwed.gov.in तथा www.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है।

**(डॉ. रेणुका श्रीवास्तव)**
**संचालक महिला एवं बाल विकास**
**विभाग एवं सचिव राज्य बाल संरक्षण समिति**
**नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**

जी. 252606341/1

# कीमतों में आए रिकॉर्ड उछाल से 2025 में भारत में सोने की मांग 11 प्रतिशत घटी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

कीमतों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने और उपभोक्ताओं के खरीद व्यवहार में बदलाव के कारण वर्ष 2025 में भारत की सोने की मांग में 11 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

डब्ल्यूजीसी की '2025 की स्वर्ण मांग के रुझान' रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सोने की कुल मांग 2025 में गिरकर 710.9 टन रह गई, जो 2024 में 802.8 टन थी। परिषद का अनुमान है कि 2026 में देश में सोने की मांग 600 से 700 टन के बीच रह सकती है।



### सोने की मांग 7,51,490 करोड़ रुपए तक पहुंची

हालांकि, कीमतों में भारी उछाल के कारण मूल्य के संदर्भ में सोने की मांग 30 प्रतिशत बढ़कर 7,51,490 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जबकि पिछले वर्ष यह 5,75,930 करोड़ रुपये थी।

### सोने की वैश्विक मांग 5,000 टन से अधिक हुई

वैश्विक स्तर पर सोने की मांग 2025 में 5,000 टन से अधिक होकर एक नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। डब्ल्यूजीसी की '2025 की स्वर्ण मांग के रुझान' रिपोर्ट के अनुसार, कुल सोने की मांग 2025 में 5,002 टन के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई, जो पिछले वर्ष 4,961.9 टन थी। रिपोर्ट में कहा गया कि यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से निवेश मांग में तेज उछाल के कारण हुई, जो 2025 में बढ़कर 2,175.3 टन हो गई जबकि यह 2024 में 1,185.4 टन थी।

# बजट में 16वें वित्त आयोग की सिफारिशें की जाएंगी शामिल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- आयोग ने सिफारिशें राष्ट्रपति को सौंप दी
- आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई

आगामी बजट में 16वें वित्त आयोग की सिफारिशें शामिल होंगी जिसने पहले ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। संविधान के तहत गठित वित्त आयोग केंद्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे का सूत्र प्रदान करता है। केंद्र द्वारा लगाए गए उपकर और अधिभार विभाज्य निधि का हिस्सा नहीं हैं। वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय है जो केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों पर सुझाव देता है और समय-समय पर गठित किया जाता है। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में 16वें वित्त आयोग का गठन 31 दिसंबर 2023 को किया गया था। पनगढ़िया के नेतृत्व में वित्त आयोग के सदस्यों सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू, अर्थशास्त्री मनोज पांडा, एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्या कांति घोष और आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर और आयोग के सचिव ऋत्विक पांडे ने 17 नवंबर 2025 को मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी। आयोग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भी रिपोर्ट की एक प्रति सौंपी। केंद्र सरकार हमेशा आयोग की सिफारिशों को स्वीकार करती रही है। संबंधित शर्तों (टीओआर) के अनुसार, 16वें आयोग को एक अप्रैल 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि को शामिल करते हुए अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया था। इसमें केंद्र और राज्यों के बीच करों की शुद्ध आय के वितरण के साथ-साथ राज्यों के बीच ऐसी आय के संबंधित हिस्सों के आवंटन, राज्यों को अनुदान सहायता, आपदा प्रबंधन पहलों के वित्तपोषण पर व्यवस्थाओं की समीक्षा आदि पर सिफारिशें शामिल हैं।

### राज्यों को विभाज्य कर कोष का हिस्सा दिया जाए

एन. के. सिंह के नेतृत्व में गठित पूर्व 15वें वित्त आयोग ने सिफारिश की थी कि राज्यों को छह साल की अवधि यानी 2020-21 से 2025-26 के दौरान केंद्र के विभाज्य कर कोष का 41 प्रतिशत हिस्सा दिया जाए जो कि 14वें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित स्तर के बराबर है।

# एटीएम से निकासी 2025 में घटी, प्रति लेनदेन की राशि बढ़ी



**नई दिल्ली।** देश में एटीएम से नकद निकासी में 2025 के दौरान गिरावट देखी गई जबकि प्रति लेनदेन की औसत राशि बढ़ी है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

वित्तीय संस्थानों को लॉजिस्टिक समर्थन और एटीएम संचालन से जुड़ी सेवाएं देने वाली कंपनी सीएमएस इन्फो सिस्टम्स की रिपोर्ट 'भारत में उपभोग रुझान 2025' कहती है कि देश के भीतर उपभोक्ता खर्च के लिए नकद का इस्तेमाल अब भी बड़े पैमाने पर हो रहा है।

## छत्तीसगढ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्र. 3, माचाडोली जिला-कोरबा (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(द्वितीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 184359 निविदा सूचना क्र. 13/व.ले.लि./ ई-प्रोक्युरमेंट / 2025-26, दि. 28-01-2026 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 16-02-2026 समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम - मिनीमाता बांगो बांध के माचाडोली कॉलोनी सेक्टर- I, II, III एवं बुल्लर साईट कॉलोनी तथा आई.बी. से घाट रोड, निरीक्षण गैलरी एवं आधार गैलरी के सी.सी. सड़क में बिटूमिनस लेयर निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत रु. 153.52 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)

(निविदा की अनुमानित लागत पी.डब्ल्यू.डी. एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2025 के आधार पर) अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 04-02-2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट: (1) निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। अन्य निविदा संबंधी शर्ते विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।
(2) निविदा की अनुमानित लागत पी.डब्ल्यू.डी. एस.ओ.आर. 01.01.2025 के अनुसार है।
(3) निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में GST जोड़कर निविदा भरा जाना है।

**कार्यपालन अभियंता मिनीमाता**
**बांगो बांध संभाग क्र. 3. माचाडोली**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

जी. 252606330/5

## कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
**ब्लॉक 4 डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर**
**website tribal.cg.gov.in Ph.-2263708 Fax-2262558**
**E mail-**

क्रमांक/EMRS/K-39/2025-26/12359
नवा रायपुर, दिनांक 28/1/2026

**छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026–27 के लिये कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि एवं प्रवेश परीक्षा की सूचना**

भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली अंतर्गत गठित राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (NESTS) नई दिल्ली द्वारा प्रवर्तित एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा शिक्षण सत्र 2026-27 में प्रदेश में संचालित 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु दिनांक 08 .01 .2026 से वेबसाईट eklavya.cg.nic.in पर ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ किया गया है। जिसकी प्रवेश परीक्षा की तिथि 01.03.2026, दिन-रविवार, समय प्रात: 10 :00 बजे से 12 :00 बजे तक (02 घंटे) निर्धारित है।

उपरोक्तानुसार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु इच्छुक पात्र अभ्यर्थी जारी प्रवेश दिशा-निर्देश 2026-27 का अवलोकन कर निर्धारित तिथि 07.02.2026 तक अधिकृत वेबसाईट eklavya.cg.nic.in पर आवेदन कर सकते हैं।

**उपायुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**छत्तीसगढ, नवा रायपुर अटल नगर**

जी. 252606333/1

## कार्यालय, कलेक्टर (आबकारी), जिला-सरगुजा (छत्तीसगढ़)

**निविदा सूचना**

क्रमांक / आब./ठेका/2026/203 अम्बिकापुर, दिनांक 27-01-2026

सर्वसाधारण की विशेष जानकारी के लिये यह सूचना प्रकाशित की जाती है, कि सरगुजा जिले में नवीन कम्पोजिट विदेशी मदिरा दुकान लुण्ड्रा जनपद पंचायत लुण्ड्रा का संचालन के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 की शेष अवधि के लिए दुकान / भवन सह परिसर भाड़े में लेने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। अत: इच्छुक निविदाकारों से सीलबंद लिफाफे में निम्न विवरण अनुसार निविदा प्रपत्र यथा दुकान का नाम, अवस्थिति एवं निविदा की शर्ते व अन्य आवश्यक जानकारी कार्यालय, जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, सी.एस.एम.सी.एल., सरगुजा (छ.ग.) के कार्यालय से अवकाश के दिनों को छोड़कर शेष दिवसों में प्राप्त की जा सकती है।

1. निविदा फार्म की कीमत:-5000/- (डी.डी./चेक जो जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. सरगुजा के नाम से देय हो)
2. निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि:- 11.02.2026 तक (कार्यालयीन समय में)
3. निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि:- 12.02.2026 दोपहर 12:00 बजे तक
4. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि:-12.02.2026 दोपहर 03.00 बजे
5. तकनीकी निविदा के भौतिक स्थल परीक्षण हेतु समयावधि दिनांक:- 13.02.2026
6. तकनीकी निविदा में सफल आवेदकों के चयन की तिथि:- 16.02.2026 शाम 03:00 बजे
7. वित्तीय निविदा खोलने की तिथि:- 17.02.2026 शाम 04:00 बजे

**कलेक्टर**
**सरगुजा (छ.ग.)**

जी. 252606316/3

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, वि./ यां. ला. म. नलकूप एवं गेट संभाग सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)

**eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in**

**सिस्टम निविदा क्र. 184341 एवं 184347/निविदा सूचना क्र. 29 एवं 30/व.ले.लि./ 2025-26 दिनांक. 27.01.2026**

निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा सूचना क्रमांक | निविदा सिस्टम क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 29/व.ले.लि./ 25-26 दिनांक 27.01.26 | 184341 (तृतीय आमंत्रण) | जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड बलौदा अंतर्गत कुदरी बैराज योजना के वि./यां. उपकरणों का पेंटिंग कार्य। Bid Due Date and time: 13.02.2026, 17:30 Hours | 197.51 लाख |
| 30/व.ले.लि./ 25-26 दिनांक 27.01.26 | 184347 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-मुंगेली अंतर्गत निर्मित एनीकट/स्टापडेम के जलद्वारो का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य। Bid Due Date and time: 17.02.2026, 17:30 Hours | 171.70 लाख |

(निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 22.08.2022 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 03.02.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट: 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य लें

**2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2025 में जारी किए गये Pre Bid Qualification certificate (Valid up to 30.09.2026) का उपयोग अनिवार्य है।**

3. निविदा पूर्व अर्हता के संबंध में निविदा प्रपत्र फार्म बी के कंड़िका 2.1.1 (स.क्र. 4 एवं 5) एवं एनेक्चर। (पूर्व अर्हता एवं फार्म बी. दस्तावेज) में वर्णित अनुसार प्रमाण पत्र संलग्न करें।

**कार्यपालन अभियंता**
**वि./यां. ला. म. नलकूप एवं गेट संभाग सकरी,**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

जी. 252606305/4

## कार्यालय नगर पंचायत सरगाँव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

E-Mail ID- npsargaoncmo@gmail.com

क्रमांक/1140 / निविदा/न.पं./2025-26 सरगाँव, दिनांक 28/01/2026

**// प्रथम ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पंचायत सरगाँव में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) पद्धति अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. | S.T. No. | कार्य का विवरण | निविदा प्रारम्भ तिथि | निविदा की अंतिम तिथि | निविदा दस्तावेज परीक्षण की तिथि | निविदा खोलने की तिथि | Tender Form |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 184557 | वार्ड क्रमांक 09 में थाना के पीछे शेड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 09 में हॉट बाजार में शेड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 09 में पौनी पसारी में शेड निर्माण कार्य। (CGPWD Building SOR-01.01.2015, Road SOR 01.01. 2025, Elect. 01.06. 2020)1" Call,Rs.29.90 Lacs | 28.01.2026 21:00 बजे | 19.02.2026 17:30 बजे | 23.02.2026 / 16:00 बजे | 23.02.2026 / 16:30 बजे | "A" |

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से सम्बन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं एवं Main Portal: https:// eproc. cgstate.gov.in / www.uad.cg.gov.in पर उपलब्ध हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत सरगांव**
**जिला मुंगेली (छ.ग.)**

# एलएंडटी का लाभ घटकर 3,215 करोड़ रुपए पर



**नई दिल्ली।** ढांचागत क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 4.2 प्रतिशत गिरकर 3,215 करोड़ रुपये रह गया। 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 3,359 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी के परिचालन आय बढ़कर 71,450 करोड़ रुपये हो गई। जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 64,668 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 65,729.76 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 60,302.62 करोड़ रुपये था।

## कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग
**(कलेक्टोरेट के पीछे छिन्दडांड) जिला कोरिया छ.ग. Email id-iedskoria56@gmail.com**

**विज्ञापन**

**सखी वन स्टॉप सेंटर जिला कोरिया अंतर्गत विभिन्न रिक्त पदों पर सेवाप्रदाताओं के भर्ती के संबंध में।**

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित मिशन शक्ति योजना के तहत सखी वन स्टॉप सेंटर के संचालन हेतु विभिन्न पदों पर एकमुश्त वेतन पर भर्ती के लिये पात्र आवेदकों से दिनांक 27.01.2026 से 20.02.2026 तक आवेदन आमंत्रित हैं। आवेदकों को उक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन निर्धारित अवधि में कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कोरिया छ. ग. में पंजीकृत डॉक कुरियर के माध्यम से प्रेषित करना होगा। आवेदन पत्र पदों की नियुक्ति एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | सेवाप्रदाता पद नाम | रिक्त पद संख्या (महिला/मुक्त) | एकमुश्त मासिक वेतन | वेतन मैट्रिक्स में लेवल (यात्रा व्यय, भत्ता भुगतान गणना के लिए) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | केन्द्र प्रशासक | 01 | 31450 | (लेवल-10) |
| 2 | केस वर्कर | 01 | 18420 | (लेवल-06) |
| 3 | बहुद्देशीय कर्मचारी/रसोईया | 01 | 11720 | (लेवल-02) |
| 4 | सुरक्षा गार्ड/नाईट गार्ड | 03 | 11360 | (लेवल-01) |
| | कुल | 06 | | |

* सभी पद महिला पद है। उक्त पद हेतु महिला उम्मीदवार ही आवेदन करें।
* छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु सीमा पर छूट हेतु जारी निर्देश लागू माने जायेंगे।

उपरोक्त पदों की शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, कार्य दायित्व एवं अन्य विवरण https://korea.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है :-
विज्ञापन अनुसार आवेदन दिनांक 20.02.2026 की संध्या 5:00 बजे तक ही प्राप्त किये जावेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा

**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
**महिला एवं बाल विकास विभाग जिला-कोरिया (छ.ग.)**

जी. 252606310/2

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 328/निर्माण/ 2025 दिनांक 23.01.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | जैतखाम्ब के पास सामुदायिक भवन एवं मंच निर्माण सुभाष ब्लॉक एमडी कॉलोनी के पीछे वार्ड क्र. 28 (अ.जा.वि.प्रा. मद) (प्रथम निविदा) | 15.00 | 13.02.2026 (T.No. 184299) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. /निर्माण/ 2025 दिनांक 20.01.2026

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अनुभवी फर्म/एजेंसी से संचालन एवं संधारण अंतर्गत निम्न कार्य हेतु शेडयूल अनुसार लम सम-दरों पर आर.एफ.पी. में निम्नलिखित कार्य हेतु ई आर.एफ.पी. आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम, कोरबा क्षेत्रांतर्गत बरबसपुर में 100 टी.पी.डी. वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का 01 वर्ष का संचालन एवं संधारण कार्य (निगम मद) (द्वितीय निविदा) | 41.24 | 04.02.2026 (T.No. 184077) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

**अधीक्षण अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**

## DIRECTORATE OF TECHNICAL EDUCATION, CHHATTISGARH
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़**
**Indrawati Bhavan, Block-3, 3rd/4th Floor, Nawa Raipur, Atal Nagar, Dist Raipur-492002**
इन्द्रावती भवन, ब्लाक-3 तृतीय/चतुर्थ तल, नया रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर 492002
**Phone: 0771-2331331, 2221376, Fax: 0771-2253620,**
**Website: http://www.cgdteraipur.ac.in**

**//विज्ञापन//**

**छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर मान्यता प्राप्त इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में B.E./B.Tech पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली छात्रवृत्ति सत्र 2025-26**

छत्तीसगढ़ शासन, तकनीकी शिक्षा विभाग की अधिसूचना 21 जून 2013 जो राजपत्र में 24 जून 2013 को प्रकाशित किये गये प्रावधानों के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी छात्र-छात्रायें जो अन्य राज्यों में अखिल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IITs) राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NITs) भारतीय विज्ञान-शिक्षा संस्थाओं (IISc) तथा अन्य अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) से मान्यता प्राप्त उच्च तकनीकी संस्थाओं में इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी (B.E./B.Tech.) उपाधि पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए प्रावीण्यता के आधार, 08 नवीन छात्रवृत्ति, राशि रू. 2000/- प्रतिमाह (अक्षरों में रू. दो हजार मात्र) हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

छात्रवृत्ति के लिए अर्हकारी परीक्षा 12 वीं में कम से कम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार ही छात्रवृत्ति के लिए पात्र होगें। अभ्यर्थी का सक्षम अधिकारी से जारी किया गया छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र संचालनालय, तकनीकी शिक्षा, इन्द्रावती भवन, ब्लाक-3, तृतीय/चतुर्थ तल, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़ से नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है अथवा संचालनालय की वेबसाइट www.cgdteraipur.cgstate.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

आवेदन पत्र के साथ 12 वीं की अंकसूची एवं छत्तीसगढ़ राज्य का स्थानीय निवास प्रमाण पत्र तथा अध्ययनरत संस्था AICTE से मान्यता प्राप्त होने संबंधी प्रमाण पत्र की छायाप्रतियों संलग्न करना अनिवार्य है। छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु आवेदन संबंधित संस्था प्रमुख से अनुशंसित कराना अनिवार्य है। आवेदन पत्र संचालनालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 10.02.2026 सायं 5.00 बजे तक है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई दावा/अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जावेगा।

पात्रतानुसार जिन उम्मीदवारों को संचालनालय तकनीकी शिक्षा, रायपुर द्वारा नवीन छात्रवृत्ति स्वीकृत की जावेगी उन उम्मीदवारों को छात्रवृत्ति की रकम का भुगतान करने हेतु संचालनालय तकनीकी शिक्षा द्वारा वर्ष के अंत में छात्रवृत्ति की रकम संस्था प्रमुख को भेजी जावेगी। संस्था प्रमुख द्वारा निर्धारित शर्ते पूर्ण करने पर छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान किया जावेगा। छात्र/छात्रा को छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त होने पर इस आशय का रसीद प्रस्तुत करना होगा कि उन्हें संचालनालय तकनीकी शिक्षा, नवा रायपुर, अटल नगर द्वारा स्वीकृत की गई छात्रवृत्ति की रकम रूपये 20,000/- संस्था प्रमुख से प्राप्त हो गये हैं। रसीद प्राप्त होने के पश्चात ही अगले वर्ष नवीनीकरण हेतु नियमानुसार छात्रवृत्ति स्वीकृत की जा सकेगी।

जिन छात्रों को पूर्व में किसी वर्ष के लिये संचालनालय तकनीकी शिक्षा द्वारा छात्रवृत्ति स्वीकृत की जा चुकी है, वे छात्र-छात्राएँ भी अगले वर्ष के नवीनीकरण हेतु आवेदन के साथ पिछले वर्ष की उत्तीर्ण अंकसूची तथा संचालनालय द्वारा पूर्व वर्षों में स्वीकृत छात्रवृत्ति की राशि रूपये 20,000/- की रसीद जिसमें यह उल्लेख किया गया हो कि संस्था प्रमुख के माध्यम से छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त हो गई है, संलग्नकर संबंधित संस्था प्रमुख से अनुशंसित कराकर अनिवार्य रूप से आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करें। तपश्चात आवेदन पत्र के साथ रसीद प्राप्त होने पर ही नवीनीकरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

छत्तीसगढ़ शासन, तकनीकी शिक्षा विभाग की अधिसूचना 21 जून 2013 जो राजपत्र में 24 जून 2013 को प्रकाशित किये गये प्रावधानों के अनुसार शासन की विशेष मंजूरी के बिना कोई भी छात्र एक समय में एक से अधिक छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं करेगा।

**अतिरिक्त संचालक**
**तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़**

जी 252606361/2

## MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in (1 st Call)**

**NIT NO: 1455** **RAIPUR, DATED: 27.01.2026**

Online bids are invited for the following works up to **18/02/2026** at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 184429 | शहीद पंकज विक्रम वार्ड क्रमांक 58 सफाई कार्य करने हेतु कलेक्टर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 38 अकुशल सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने का कार्य। | 6128184.00 |
| 2 | 184443 | मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्रमांक 59 सफाई कार्य करने हेतु कलेक्टर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 38 अकुशल सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने का कार्य। | 6128184.00 |
| 3 | 184451 | चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 60 सफाई कार्य करने हेतु कलेक्टर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 38 अकुशल सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने का कार्य। | 6128184.00 |
| 4 | 184452 | डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 61 सफाई कार्य करने हेतु कलेक्टर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 38 अकुशल सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने का कार्य। | 6128184.00 |
| 5 | 184453 | शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड क्रमांक 62 सफाई कार्य करने हेतु कलेक्टर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 38 अकुशल सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने का कार्य। | 6128184.00 |
| 6 | 184454 | शहीद बिग्रेडियर उस्मान वार्ड क्रमांक 63 सफाई कार्य करने हेतु कलेक्टर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 38 अकुशल सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने का कार्य। | 6128184.00 |
| 7 | 184455 | महामाया मंदिर वार्ड क्रमांक 65 सफाई कार्य करने हेतु कलेक्टर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 38 अकुशल सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने का कार्य। | 6128184.00 |
| 8 | 184456 | जोन क्रमांक 06 अंतर्गत जोन गैंग में सफाई कार्य करने हेतु कलेक्टर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 15 अकुशल सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने का कार्य। | 2419020.00 |
| 9 | 184458 | जोन क्रमांक 06 अंतर्गत बी. एस.यू.पी. में सफाई कार्य करने हेतु कलेक्टर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 15 अकुशल सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने का कार्य। | 2419020.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 27/01/2026 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Deatails and other documents.

**NOTE:** -1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal. 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**ZONE COMMISSIONER**
**(ZONE -06), MUNICIPAL**
**CORPORATION RAIPUR (C.G.)**

# रणजी ट्रॉफी : सौराष्ट्र के उनादकट का कहर, चटकाए 4 विकेट, चंडीगढ़ 136 रन पर ढेर

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

रणजी ट्रॉफी में एलीट ग्रुप बी में सौराष्ट्र के खिलाफ चंडीगढ़ की टीम गुरुवार को घरेलू मैदान पर पहली पारी में महज 136 रन पर ढेर हो गई। सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट ने चंडीगढ़ सेक्टर 16 स्थित क्रिकेट स्टेडियम में अपनी गेंदबाजी से चंडीगढ़ के बल्लेबाजों पर जमकर कहर बरपाया। जयदेव उनादकट ने 14 ओवर में 44 रन देकर चार विकेट चटकाए।

जयदेव उनादकट के अलावा चेतन साकरिया ने 10.1 ओवर में 43 रन और चिराग जानी ने छह ओवर में 18 रन देकर 2-2 विकेट झटके। प्रेरक मांकड़ भी एक विकेट (नौ ओवर में 19 रन) लेने में सफल रहे। चंडीगढ़ के कप्तान मनन वोहरा बिना खाता खोले रन आउट हो गए। मनन वोहरा समेत चंडीगढ़ के चार बल्लेबाज अपना खाता नहीं खोल पाए। शिवम भांबरी, वैभव नारंग बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। ग्याहरवें बल्लेबाज के रूप में क्रीज पर कार्तिक सांडिल तीन गेंद में अपना खाता नहीं खोल पाए और पवेलियन लौट गए।



## चंडीगढ़ के अरजित और जगजीत की शानदार बल्लेबाजी

चंडीगढ़ की ओर से विकेटकीपर अरजित सिंह और आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए जगजीत सिंह संधू संयुक्त रूप से टीम के उच्चतम स्कोरर रहे। अरजित सिंह ने 60 गेंद में पांच चौके और जगजीत सिंह संधू ने 54 गेंद में चार चौके की मदद से 29-29 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों की बात करें तो अर्जुन आजाद 20 रन बनाकर पवेलियन लौटे। राज अंगद बावा ने 27 गेंद में 14, विशु ने 31 गेंद में 18, निशंक बिड़ला ने 27 गेंद में 12 और रोहित ढांडा ने 10 गेंद में तीन रन बनाए।



## पंजाब का मजबूत स्कोर अमनजोत ने लगाया अर्धशतक

**मोहाली।** अमनजोत सिंह चहल के नाबाद 77 रन की मदद से पंजाब ने कर्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी के आखिरी लीग मैच के पहले दिन 9 विकेट पर 303 रन बनाए। एक समय पर पंजाब का स्कोर छह विकेट पर 168 रन था लेकिन इसके बाद अमनजोत ने एक छोर संभालकर बल्लेबाजी की। अभिजीत गर्ग (81) और कप्तान उदय सहारन (44) ने शीर्षक्रम पर अच्छी पारियां खेली लेकिन मध्यक्रम चल नहीं सका। इक्कीस वर्ष के अमनजोत ने इसके बाद हालांकि कर्नाटक के गेंदबाजों को खासा परेशान किया। पंजाब टीम में वापसी कर रहे इस हरफनमौला ने इससे पहले 2024 में दो मैच खेले थे। कर्नाटक के लिए विद्याधर पाटिल और श्रेयस गोपाल ने तीन-तीन विकेट लिए।


## सेमीफाइनल में एरिना ने स्वितोलिना को सीधे सेटों में दी पटखनी

# वर्ल्ड नंबर-1 सबालेंका लगातार चौथी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलियन ओपन के विमेंस सिंगल्स सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर 1 एरिना सबालेंका ने यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना के खिलाफ 6-2, 6-3 से सीधे सेटों में जीत दर्ज की। इसी के साथ सबालेंका लगातार चौथी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंच गईं। सबालेंका शनिवार को मेलबर्न में खिताब के लिए एलिना रिबाकिना और जेसिका पेगुला के बीच मुकाबले की विजेता का सामना करेंगी। सबालेंका को मैडिसन कीज के खिलाफ साल 2023 का फाइनल गंवाना पड़ा था। अब उनके पास फिर से खुद को साबित करने का मौका है।




### एक अविश्वसनीय उपलब्धि : सबालेंका

मैच के बाद सबालेंका ने कहा, यह एक अविश्वसनीय उपलब्धि है, लेकिन मेरा काम अभी पूरा नहीं हुआ है। मैं जीत से बहुत खुश हूं। वह (एलिना स्वितोलिना) बहुत मुश्किल प्रतिद्वंद्वी हैं। मैं उनका खेल देख रही थी। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अविश्वसनीय रूप से खेला। मुझे लगा कि आगे बढ़कर उन पर जितना हो सके उतना दबाव डालना होगा। मुझे खुशी है कि आज मेरा खेल उस स्तर का था। मैंने शानदार टेनिस खेला। मैं सीधे सेटों में जीत हासिल करके खुश हूं।

### एरिना को फाइनल में जगह बनाने के लिए लगा एक घंटा

गुरुवार को रोड लेवर एरिना में खेले गए मुकाबले में एरीना सबालेंका ने शुरू से ही मैच में पकड़ बनाए रखी। उन्हें फाइनल में जगह बनाने के लिए करीब एक घंटे का समय लगा। यह मुकाबला एकतरफा रहा, जिसमें सबालेंका ने अपनी पहली सर्विस पर 67 प्रतिशत और दूसरी सर्विस पर 79 प्रतिशत अंक जीते। बेलारूसी खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने अपनी पावर और जोरदार सर्विस के साथ स्वितोलिना पर लगातार दबाव बनाए रखा। इस बीच, अपने तीसरे ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब की ओर बढ़ रहीं स्वितोलिना को वापसी का एक भी मौका नहीं मिला।

### मुकाबला करने में जूझती रहीं स्वितोलिना

स्वितोलिना, सबालेंका की गति और निरंतरता का मुकाबला करने में जूझती रहीं। यूक्रेनी खिलाड़ी ने अपनी पहली सर्विस पर सिर्फ 56 प्रतिशत और दूसरी पर 50 प्रतिशत अंक जीते। उन्होंने मैच के दौरान तीन डबल फॉल्ट भी किए। टॉप सीड खिलाड़ी ने अपने सात ब्रेक-प्वाइंट्स मौकों में से चार को भुनाया, जबकि स्वितोलिना को चार मौकों में से सिर्फ एक ब्रेक लेने दिया। सबालेंका ने कुल अंकों के मामले में भी अपनी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ा। दो बार की चैंपियन ने 65 अंक जीते, जबकि स्वितोलिना ने 46 अंक जीते।

## सेंथिलकुमार और चोटरानी की शानदार शुरुआत

**नई दिल्ली।** मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन वेलवन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी ने वाशिंगटन में चल रही स्क्वाश ऑन फायर ओपन की पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता में शानदार शुरुआत करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। विश्व में 46वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने इंग्लैंड के टॉम वॉल्श को 12-14, 11-8, 11-8, 11-6 से हराया।



## कुबलर-पॉल्मन्स का शानदार सफर जारी

### मेंस डबल्स फाइनल में एंट्री



**मेलबर्न।** जेसन कुब्लर और मार्क पोलमैंस की जोड़ी ने अपने ऑस्ट्रेलियन ओपन के शानदार सफर को जारी रखा है। इन खिलाड़ियों ने गुरुवार को ग्रेट ब्रिटेन के ल्यूक जॉनसन और पोलैंड के जैन जिलिंस्की की जोड़ी के खिलाफ 6-2, 3-6, 6-3 से जीत दर्ज की। इसी के साथ होमटाउन वाइल्डकार्ड ने मेंस डबल्स फाइनल में जगह बना ली है। अब ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी का सामना ग्रेट ब्रिटेन के पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 नील स्कूपस्की और अमेरिकी खिलाड़ी क्रिश्चियन हैरिसन से होगा। इस अनुभवी जोड़ी ने दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस को सीधे सेटों में हरा दिया था।




## जम्मू में होगी फुटबॉल और क्रिकेट प्रीमियर लीग

**जम्मू।** जमीनी स्तर पर खेलों को मजबूत करने के उद्देश्य से जम्मू में अगले महीने वाईएसएस-जेकेएससी फुटबॉल और क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन किया जाएगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

* **नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी के सबसे जाने-माने खिलाड़ियों में से एक और मध्यपंक्ति के दिग्गज खिलाड़ी मनप्रीत सिंह का नाम आगामी एफआईएच प्रो लीग सत्र से पहले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए चुने गए 33 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं है।

## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता

# प्लेऑफ में जगह बनाने भिड़ेंगे गुजरात जायंट्स-मुंबई इंडियंस

### डब्ल्यूपीएलः वडोदरा में आज शाम 7:30 बजे से मुकाबला

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

मौजूदा चैंपियन और दो बार की विजेता मुंबई इंडियंस की टीम महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में शुक्रवार को जब गुजरात जायंट्स से भिड़ेगी तो दोनों के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण होगा, जिससे वह प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेंगी। गुजरात जायंट्स इस मैच में जीत दर्ज करके लगातार दूसरी बार महिला प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में जगह पक्की करना चाहेगा। गुजरात जायंट्स फिलहाल आठ अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और उसका नेट रन रेट -0.271 है। वह मुंबई इंडियंस (छह अंक, नेट रन रेट +0.146) और दिल्ली कैपिटल्स (छह अंक, नेट रन रेट -0.164) से दो अंक आगे है। गुजरात जायंट्स का भाग्य अब उसके अपने हाथों में है।



### जायंट्स का हो सकता है अभियान समाप्त

*हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस पर जीत उसे डब्ल्यूपीएल प्लेऑफ में जगह दिला देगी, जबकि रिकॉर्ड अंतर से जीत उसे सीधे फाइनल में पहुंचा सकती है। हालांकि मामूली अंतर से मिली हार भी जायंट्स के अभियान को समाप्त कर सकती है।*

## मैं अब अधिक समझदार क्रिकेटर बन गया हूं : दुबे

**विशाखापत्तनम।** भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने विशाखापत्तनम की सुहावनी रात में न्यूजीलैंड के खिलाफ 23 गेंदों में 65 रन की तूफानी पारी खेलकर तेज गेंदबाजी के खिलाफ अधिक सहज होकर खेलने का शानदार नमूना पेश किया और इसका श्रेय अपनी बेहतर 'मानसिकता' को दिया, जिसने उन्हें 'अधिक समझदार' क्रिकेटर बनाया। इसमें कोई संदेह नहीं कि लेग-स्पिनर ईश सोढ़ी के एक ओवर में बनाए गए 29 रन के कारण दुबे को अधिक सुर्खियां मिलेगी, लेकिन तेज गेंदबाजों जैकब डफी और मैट हेनरी के खिलाफ लगाए गए उनके तीन छक्के भी उतने ही महत्वपूर्ण थे।



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-186-25-26, दि. 22-01-2026 कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत, खोडरी से खोंगसरा के बीच घाट सेक्शन में सेस की मरम्मत तथा ट्रेक के किनारे सेस में सुधार और मानकीकरण। निविदा मूल्यः ₹ 2,73,02,929.11/-, अमानत राशिः ₹ 2,86,500.00/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।

निविदा जमा की आरंभ तिथि : दिनांक 03-02-2026 के 11.00 बजे से, निविदा जमा की अंतिम तिथिः 17-02-2026 के 11.00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/FL/648 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

सीएमपीडीआई मिनी रत्न cmpdi Mini Ratna
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
Central Mine Planning & Design Institute Ltd.
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी ईकाई)
गोन्दवाना प्लेस, काँके रोड, राँची 834008, झारखण्ड, भारत

**सूचना**

''सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई,www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

**एसएलआर/एलवीपीएच को लीज पर देने के लिए ई-नीलामी सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं. लीज-केजीपी-26-02** **दिनांकः 28.01.2026**

भारत के राष्ट्रपति, भारतीय संघ की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे ट्रेनों में पार्सल के परिवहन हेतु 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए एसएलआर/एलवीपीएच को लीज पर देने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं जिसे https://www.ireps.gov.in/वेबसाइट पर सूचित किया गया है।


| कैटेगरी | कैटलॉग सं. | ई-नीलामी की तिथि | नीलामी शुरू होने का समय | नीलामी बंद होने का समय |
|---|---|---|---|---|
| पार्सल | लीज-केजीपी-26-02 | 10.02.2026 | 11:00 बजे | 17:10 बजे |

इच्छुक पार्टियों और ठेकेदारों को इसका ध्यान रखना चाहिए और ट्रेनों के विवरण एवं ई-नीलामी सूचना के बारे में संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट का संदर्भ लें। किसी प्रकार की पूछताछ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-1114) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

## शब्द पहेली - 6123



**बाएँ से दाए**

1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना,रोना,लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा,कारपेट-3
9. किनारा,छोर-2
10. झगड़ा,कहासुनी-4
11. समय,वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र,स्वदेश-2
15. पुत्र,लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र,व्यवहार-2,3
25. जीव,दूत,जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत,जोश,बल-2
29. कराह,टीस,लालसा-3
30. वहम,संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा,घास-2
36. चोंगा,गाऊन-3
37. सफर,जात्रा-2
38. दयालु,कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1. पांव, पैर-2
2. भिखारी,मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूण-4
7. हल्का काला,श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल,पत्ता-2
18. रुखसार,कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़,योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच,नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरैया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त,मित्र, सखा-2

### शब्द पहेली- 6122 का हल



## सूडोकु नवताल - 6133

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6132 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

# विरासत

छत्तीसगढ़ के महापुरुषों की गौरवगाथा


छत्तीसगढ़ की उर्वर धरा से कई महान कलाकार, लेखक और विभूतियां जन्मीं और साहित्य, कला और रंगमंच के आकाश पर छा गईं। रंगमंच की बात करें तो रायपुर में जन्मे हबीब तनवीर का नाम बड़े ही आदर और सम्मान के साथ लिया जाता है। इसी कड़ी में एक और नाम है जिसने बिलासपुर में जन्म लेकर अपनी कर्मस्थली मायानगरी मुंबई को बनाया और थिएटर गुरु बनकर लाखों कलाकारों के जीवन में अभिनय की रोशनी फैलाई। दुबे जी से अभिनय के गुर सीखकर उनके शिष्यों ने अभिनय जगत में नाम कमाया। सत्यदेव दुबे देश के उन गिने-चुने रंगकर्मियों में थे, जिन्होंने रंगमंच को अपनी जातीय चेतना और कला-परंपरा से जोड़ने का काम किया। वे देश में हिंदी के अकेले नाटककार थे, जिन्होंने अलग-अलग भाषाओं के नाटकों को हिंदी में लाकर उन्हें अमर कर दिया।

# भारतीय आधुनिक रंगमंच के पुरोधा सत्यदेव दुबे



सत्यदेव दुबे

## गोंडपारा में जन्म




अपने मां पापा के साथ पंडित सत्यदेव दुबे हैं।

13 जुलाई 1936 में बिलासपुर के गोंडपारा में गयाप्रसाद और सत्यवती दुबे के यहां सत्यदेव दुबे का जन्म था। कभी गोंडपारा की इन्ही गलियों में सत्तू यानी सत्यदेव दोस्तों के साथ खेला करते थे। बचपन के दिनों में उन्हें सत्तू कहकर पुकारा करते थे। उनके बड़े भाई कोटेश्वर प्रसाद दुबे थे जिनका एक नाम राजाबाबू दुबे था। बिलासपुर के गोंडपारा में दुबे जी का परिवार हरदेव मंदिर के सामने घर में रहता था । भतीजी स्वेच्छा बताती है कि सत्यदेव जी के पिताजी पढ़ाई लिखाई को लेकर बहुत सख्त थे। बच्चों को कान्वेंट स्कूल में पढाने के लिए गया प्रसाद जी ने सागर के पास स्थित स्कूल भेजा और पूरी कोशिश की बच्चों की पढ़ाई में किसी तरह का व्यवधान ना हो।



## अपने नाटक में उतारा 'गोंडपारा'

शुरुआती शिक्षा के बाद दुबेजी ने पंडित छीतानी प्रसाद मितानी प्रसाद दुबे कॉलेज में पढ़ाई की जिसे सीएमडी कॉलेज के नाम से जाना जाता है। सीएमडी कॉलेज और बिलासपुर की श्याम टॉकीज भी बिलासपुर को दुबे परिवार की ही देन है। किशोरावस्था से ही सत्यदेव जी का रुझान नाटकों में था। गोंडपारा के रहन सहन और यहां के लोगों पर ही उन्होने नाटक तैयार किया था। इस नाटक को आज भी लोग याद करते हैं। शुरुआती दिनों में उनकी क्रिकेट के प्रति दीवानगी थी। वे क्रिकेट खिलाड़ी बनना चाहते थे।दीवानगी ऐसी कि अपने सपनों को पूरा करने के लिए मुंबई चले गए मगर उन्हें तो बनना कुछ और ही था। सत्यदेव जी मुंबई क्रिकेटर बनने के लिए गए थे लेकिन यहां थिएटर ने आकर्षित किया।




## अलकाजी का मिला सानिध्य थिएटर से आजीवन प्रेम

मुंबई में सेंट जेवियर कॉलेज में पढ़ाई के दौरान दुबे जी की दोस्ती विजय आनंद से हुई। अपने चाहने वालों में गोल्डी के नाम से मशहूर विजय आनंद से दुबे जी की दोस्ती आजीवन बनी रही। दुबे जी इब्राहीम अलकाजी से जुड़े। .इस दौरान दुबेजी 'थोड़ी देर पहले -थोड़ी देर बाद' नाटक लिख रहे थे। ये नाटक अंग्रेजी में लिखे एकांकी पर आधारित था। इसलिए संयोगवश उनकी मुलाकात भारतीय रंगमंच के पितामह कहे जाने वाले इब्राहीम अल्काजी से हो गई। फिर वे शौकिया तौर पर उनके द्वारा संचालित थिएटर से जुड़ गए और वहीं से सत्यदेव दुबे के जीवन की दिशा बदल गई। उनके साथ सत्यदेव दुबे ने मंच के गुर सीखे और कई सफल नाटक किए। अब वे नाटकों की दुनिया में रम गए थे।जब अल्का जी राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के प्रमुख का पद संभालने दिल्ली चले गए तो उनके रंगमंच की कमान सत्यदेव दुबे के हाथों में आ गई। तब तक वे चर्चित नाटककार और निर्देशक के रूप में पहचान बना चुके थे।

## 'आधे अधूरे' और 'अंधा युग' नाटक

'पगला घोड़ा', 'आधे अधूरे' और 'एवम इंद्रजीत' जैसे नाटकों के जरिए से काफी लोकप्रियता हासिल कर चुके थे। उन्हें सर्वाधिक प्रसिद्धि 'अंधा युग' ने दिलाई थी।उन्होंने इस नाटक के सौ से ज्यादा शो किए। गिरीश कर्नाड के पहले नाटक 'ययाति' और 'हयवदन', बादल सरकार के 'एवम इंद्रजीत' और 'पगला घोड़ा', चंद्रशेखर कंबारा की 'और तोता बोला', मोहन राकेश के 'आधे-अधूरे' और विजय तेंदुलकर के 'गिधाड़े', 'शांतता कोर्ट चालू आहे' जैसे नाटकों का मंचन कर भारतीय रंगमंच में अतुलनीय योगदान दिया। दुबे जी को धर्मवीर भारती के रेडियो के लिखे नाटक 'अंधा युग' को रंगमंच पर उतारने का श्रेय दिया जाता है। सत्यदेव दुबे ने दो लघु फिल्मों 'अपरिचय के विंध्याचल' और 'टंग इन चीक' का भी निर्माण किया। मराठी थिएटर में किए गए उनके काम ने उन्हें काफी प्रसिद्धि दिलाई ।



### निर्देशक के तौर पर जमाई धाक

शांतता! कोर्ट चालू आहे (1971, निर्देशक)
अंकुर (1974, संवाद, पटकथा)
मंजिलें और भी हैं (1974, संवाद)




निशांत (1975, संवाद)
भूमिका (1977, संवाद, पटकथा)
जुनून (1978, संवाद)
कलयुग (1980, संवाद)
आक्रोश (1980, संवाद)
विजेता (1982, संवाद, पटकथा)
मंडी (1983, पटकथा)

### अभिनय में भी दिखाया जौहर

दीवार (1975) - अभिनेता (अश्रेय प्राप्त)
निशांत (1975) - पुजारी
कोंडुरा (1978) - रामनये मास्टर
अनुग्रह (1978)
गोदाम (1983) - धर्म
भारत एक खोज (1988, टीवी श्रृंखला) चाणक्य
पिटा (1991)
माया (1993)
पापा कहते हैं (1996)
आहट सीजन 1 (1995-2001) (टीवीसीरीज)
हनान (2004) - महापूजारी
अता पता लापता (2012)
पगला बाबु (अंतिम फिल्म )


### समय के साथ मिली पहचान और सम्मान

1971 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया था।
श्याम बेनेगल की फिल्म 'भूमिका' के लिए 1978 का सर्वश्रेष्ठ पटकथा (राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार)
जुनून' के लिए 1980 का सर्वश्रेष्ठ संवाद (फिल्मफेयर पुरस्कार)
2011 में भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित

### अमरीश पुरी को दिया गुरुमंत्र

दुबेजी के सानिध्य में अमरीश पुरी जैसे सशक्त अभिनेता के अभिनय को नई धार मिली। दुबे जी को याद करते हुए अपनी आत्मकथा में अमरीश जी ने लिखा है कि मैं कई बार दुबे साहब से कहता कि मेरे मस्तिष्क में कहीं रुकावट है। क्योंकि आप जो भी बताते हैं, मैं उसे समझ जाता हूं, परन्तु उसे क्रियान्वित नहीं कर पाता।" वे मुझे दिलासा देते कि "चिन्ता मत करो। जिस दिन तक यह बाधा समाप्त नहीं हो जाती, निरन्तर प्रयास करते रहो और जब वह दिन आएगा, तुम सब समझ जाओगे। अभी तुम्हारा मस्तिष्क तैयार नहीं है, इसमें समय लगेगा।" वे मुझे तुरन्त एक ही बार में सब बातें बता देते क्योंकि वे इस कला में दक्ष थे। दुबे जी के मार्गदर्शन में अमरीश पुरी की एक्टिंग स्किल में पैनापन आया । अपनी आत्मकथा में अमरीश पुरी ने दुबे जी के प्रति अगाध श्रद्धा जताई थी।





अपनी भतीजी स्वेच्छा और दामाद चंद्रशेखर सुरावधनीवार के साथ दुबेजी और साथ में है निर्माता निर्देशक महेश भट्ट।

### नहीं टूटा बिलासपुर से नाता

सीएमडी कॉलेज में पढ़ाई पूरी करने के बाद दुबे जी ने मायानगरी मुंबई का रुख किया। लेकिन उनके दिल में आजीवन बिलासपुर और बिलासपुरवासियों के लिए स्नेह और अपनापन बना रहा। मुंबई में अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच समय निकालकर दुबे जी बिलासपुर आते और परिवार और दोस्तों से मिलते। इस दौरान उनके पहनावे और रहन सहन से कोई पहचान नहीं सकता कि वे किसी थिएटर और फिल्म जगत की किसी नामी हस्ती से मुलाकात कर रहे हैं। बिलासपुर में अशोक राव और बालेश्वर शर्मा के साथ दिनभर बैठकों और मुलाकातों का दौर चलता रहता था।

### मेरा गुड़ाखू कहां है ?

बिलासपुर से आने वाले मित्रों से दुबे जी गुड़ाखू को लेकर पूछते थे। साथ गुड़ाखू नहीं लाने पर जवाब तलब भी करते थे कि मेरा गुड़ाखू कहा हैं । बिलासपुर का गूड़ाखू दुबे जी को बहुत प्रिय था । इसके अलावा रोजाना जीवन में आने वाली छोटी से छोटी चीज को भी वे हमेशा साथ रखते थे ।

## 'दिनभर फालतू रहते हो तो, थिएटर ज्वाइन करो'

प्रसिद्ध अभिनेता अमोल पालेकर ने अपने थिएटर और दुबे जी से जुड़ने का किस्सा पिछले दिनों सोशल मीडिया पर साझा किया था। अपने साक्षात्कार में अमोल ने कहा कि एक दिन सत्यदेव दुबे जी। अमोल पालेकर के पास आए और बोले, क्या तुम मेरे अगले नाटक में काम करोगे? अमोल पालेकर कुछ जवाब दे पाते उससे पहले ही सत्यदेव दुबे जी उनसे बोले,ऱ्ये मत समझना कि मुझे तुम्हारे अंदर कोई बहुत ही खास टैलेंट दिखा है। या तुम्हारे अंदर कोई धांसू एक्टर मुझे नज़र आया है। मैं तो देखता हूं कि तुम्हारे पास बहुत फालतू टाइम है। तुम यहां यूं ही सारा दिन पड़े रहते हो। खाली पड़े रहने से अच्छा है क्यों ना तुम नाटक में काम करो। सत्यदेव दुबे जी की वो बात अमोल पालेकर को पहले तो बहुत अजीब लगी। लेकिन वो कोई



प्रतिक्रिया उस पर नहीं दे सके। क्योंकि बात तो उनकी एकदम सही थी। अमोल पालेकर उन दिनों चित्रकारी करते थे। उनके माता-पिता भी मान चुके थे कि अमोल को अपने जीवन में सिर्फ चित्रकारी ही करनी है। और कुछ नहीं। इसलिए उन्होंने अमोल जी को चित्रकार बनने की छूट दे दी थी। अमोल पालेकर के पास उस वक्त समय ही समय होता था। इसलिए वो खाली समय में नाटकों की रिहर्सल देखने पहुंच




जाया करते थे। सत्यदेव दुबे अमोल को रोज़ वहां घंटों तक देखते थे तो उन्हें तब यही लगता था कि ये लड़का यूं ही अपना समय बर्बाद कर रहा है। इसिलिए उस दिन उन्होंने अमोल पालेकर को अपने थिएटर ग्रुप से जुड़ने का ऑफर दे दिया जो आखिरकारः अमोल जी ने स्वीकार कर ही लिया। दुबे जी के सानिध्य में तराशे गए अमोल पालेकर भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं में शुमार हुए।

### थिएटर से रोटी की उम्मीद मत रखना

थिएटर और नाटकों से रोजी रोटी की उम्मीद रखना दुबे जी को अखरता था। नाटककर्मियों और विशेषकर रंगकर्म में लगे लोगों का जीवन अनिश्चितता भरा होता है। अगर पूरी तरह से थिएटर पर जीवन टिका होगा तो आर्थिक रुप से भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस बात को दुबेजी समझते थे और कलाकारों को पहले ही आगाह करते थे कि थिएटर से रोटी की उम्मीद ना करें।

### लोकल और ग्लोबल के बीच ब्रिज थे दुबे जी



दुनिया के लिए तो सत्यदेव दुबे है मेरे लिए सत्तू बाबा है। उनका कहना था कि कलाकार को कभी एक भाषा में कैद होकर नहीं रहना चाहिए, उन्होने खुद बंगाली गुजराती मराठी थिएटर में काम किया। आज भी बर्लिन में जब हम थिएटर पर चर्चा करते हैं तो दुबे जी के योगदान का भी उल्लेख होता है। वे लोकल और ग्लोबल के बीच ब्रिज थे।

-**शैलजा दुबे**, नातिन, बर्लिन,जर्मनी



### 75 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

दुबे जी का आखिरी समय बीमारियों से जूझने मे बीता। आखिरी दिनों में ब्रेन स्ट्रोक के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां 25 दिसंबर 2011 को 75 साल की उम्र में उन्होने अंतिम सांस ली।

inh न्यूज़ शुक्रवार रात 7.55 बजे

### मुंबई में भी नहीं भूले बिलासपुर



हमारे बिलासपुर शहर से निकलकर रंगमंच की दुनिया में नाम कमाने वाले सत्यदेव दुबे ने हजारों कलाकारों को तैयार किया। बिलासपुर में जो बचपन जिया और समय बिताया उसे किरदारों में ढालकर रंगमंच में अमर कर दिया। फिल्म मंडी में किरदार 'टुंगरुस' भी मूलत बिलासपुर का ही है।

-**तोखन साहू**, केंद्रीय राज्य मंत्री

### छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय



यह हमारे लिए और छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है कि हमारे बिलासपुर में सत्यदेव दुबे जी जैसी महान शख्सियत ने जन्म लिया। वे संवेदनशील इंसान तो थे ही एक अच्छे निर्देशक लेखक और कलाकार भी थे। उन्होने अपनी मेहनत से ना जाने कितने कलाकारों को तैयार किया। उनके तैयार किए गए एक्टर आज पूरी दुनिया में नाम रोशन कर रहे हैं।

-**चरणदास महंत**, नेता प्रतिपक्ष, छग विस

### रंगमंच को नई दिशा दी नए आर्टिस्ट तैयार किए



सत्यदेव दुबे ने भारतीय रंगमंच को नई दिशा दी। दुबे जी ने अपने प्रयासों से नए नए कलाकारों को तैयार किया। दुबे जी को पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया। धर्मवीर भारती रचित अंधायुग को जब दुबेजी ने अपने नाटक के तौर पर साकार किया तो लोगों ने काफी पसंद किया। दुबे जी का छत्तीसगढ़ और बिलासपुर से जुड़ाव हम छत्तीसगढ़वासियों के लिए गर्व की बात है ।

-**राजेश अग्रवाल**, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री छत्तीसगढ़ शासन

### क्रिएटिव जीनियस थे दुबे जी



दुबे जी क्रिएटिव जीनियस थे ना जाने कितने ही कलाकारों का मार्गदर्शन कर उनका करियर संवारा। उनका व्यक्तिगत या निजी कुछ नहीं था। वे थिएटर के लिए जीते थे। अपने जीवन का सर्वस्व थिएटर के उत्थान और नए कलाकारों को संवारने में लगाया। हमें गर्व महसूस होता है कि हम इतने बड़े कलाकार के परिवार से हैं ।

-**सत्यजीत दुबे**, पौत्र, अभिनेता, मुंबई

### कई कलाकारों के करियर को संवारा



दुबे जी ने अपने थिएटर के जरिए ना जाने कितने ही कलाकारों को हुनरमंद बनाया। आज भी उनके शिष्य उनका नाम बड़े आदर के साथ लेते है। ये हमारे लिए गर्व की बात है। मैने उनसे ज्यादा बात को नहीं की, लेकिन उनके बारे में आज भी जब पढ़ने सुनने को मिलता है तो गर्व की अनुभूति होती है।

-**सुविज्ञा दुबे**, पौत्री, लेखिका, मुंबई

### अनुशासनपसंद और सख्त मिजाज थे दुबेजी



दुबे जी से उनके जीवनकाल में ज्यादा मिलने का मौका नहीं मिल पाया। वे पारिवारिक जीवन में अनुशासन पसंद थे। बहुत ज्यादा बात करना पसंद नहीं करते थे। पहली बार जब रायपुर में मुलाकात हुई थी तो उन्होने घूंघट लेने के लिए कहा था। आखिरी बार जब मिलने गए थे तब वे काफी बीमार थे और बात करने की हालत में नहीं थे,इसके बावजूद उन्होंने हमें आशीर्वाद दिया।

-**सविता दुबे**, बहू, मुंबई

### उन्हे देख-देखकर ही हमने काम सीखा



मैं सबसे पहले मुंबई के छबीलदास हॉल में उनका नाटक देखकर दंग रह गया। उनके नेतृत्व में दिग्गज कलाकारों ने काम किया। उनका काम करने का तरीका अद्भुत था। उनके नाटक देखकर ही हम रंगमंच को समझने लगे। मैने लगातार उनके कई नाटक सीखने समझने के लिए देखे।

-**ओम कटारे**, वरिष्ठ रंगकर्मी, मुंबई

### इब्राहीम अलकाजी से प्रेरणा लेकर थिएटर से जुड़े गए



दुबेजी अपने शुरुआती समय में क्रिकेटर बनना चाहते थे लेकिन इब्राहीम अलकाजी से प्रेरणा लेकर थिएटर से जुड़ गए और उसके बाद रंगमंच को नए नए आयाम देते चले गए उन्होने कलाकारों की नई पीढियां तैयार की।

-**अखिलेंद्र मिश्रा**, अभिनेता, मुंबई

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com